## सार समाचार

### आज गुना आएंगे प्रभारी मंत्री राजपूत

**गुना, देशबन्धु।** प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत 17 मई को गुना जिले भ्रमण पर रहेगें। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रभारी मंत्री श्री राजपूत 17 मई 25 को रात्रि 11 बजे गुना आगमन पश्चात सर्किट हाऊस गुना में रात्रि विश्राम करेगें। दिनांक 18 मई को 11: 30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार गुना में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक लेगें तथा दोपहर 12:30 बजे शांति समिति की बैठक लेगें। दोपहर 3 बजे मंत्री राजपूत राजश्री होटल गुना में कार्यकर्ताओं से भेंट कर शाम 5 बजे भोपाल के प्रस्थान करेंगें।

### बीमारियों से बचने चिकित्सक ने वीडियो जारी कर दी सलाह

**गुना।** सर्दी–गर्मी के मिश्रित मौसम में बढ़ रहीं पेट संबंधी बीमारियों से आमजन को सचेत रहने की आवश्यकता है। इस संबंध में गुना जिले के जाने–माने चिकित्सक डॉ. सुदीप अरोरा ने गुनावासियों को एडवाइजरी जारी की है। डॉ. अरोरा ने लोगों से आग्रह किया है कि वर्तमान मौसम में लोग स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करें और रखी हुई वस्तुओं को खाने से बचें। डॉ. सुदीप अरोरा ने नागरिकों को उन वस्तुओं की पहचान करने का तरीका भी बताया है, जो वास्तविक रूप से हमें बीमारी करने के लिए जिम्मेदार होती हैं। चिकित्सक ने अपने संदेश में लोगों को बताया है कि बाजार में खाने वाली कौन सी वस्तुऐं हमें नुकसान पहुंचा सकती हैं और शादी–विवाह में इस तरह के खाने से हमें बचने की आवश्यकता है।

### 10 ओवर लोड यात्री बसों पर 12 हजार 500 का जुर्माना




**गुना।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं विभाग की टीम द्वारा जंजाली चौराहे पर जांच अभियान सतत जारी हैं। इस क्रम में शुक्रवार को जांच अभियान में 30 यात्री बस चैक की गई जिसमें 10 यात्री बस ओव्हरलोड पाये जाने पर 10 यात्री बसों पर चालानी कार्यवाही कर रुपये 12,500 जुर्माने के रुप में वसूल किया गया। परिवहन की टीम में चैकपॉइन्ट प्रभारी संतोष सिंह तोमर, विवेक दुबे आरक्षक ध्रुव कुमार मीना, ब्रजेन्द्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे। आज इस दौरान विद्या भवन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य को वैध के कागजों के साथ बसों के संचालन के निर्देश दिए हैं। आरटीओ वैश्य द्वारा बताया गया कि जिले में अवैध वाहनों के खिलाफ जांच की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

नानाखेड़ी खरीदी केंद्र पर परेशान हो रहे किसान

# डीएपी उपलब्ध नहीं, यूरिया के लिए धक्का-मुक्की

**भ्रष्टाचार का आरोप-किसान बोला पर्ची 19 की और दे रहे 15 बोरी यूरिया**

**गुना, देशबंधु।** यूरिया और डीएपी खाद को लेकर जिले में एक बार फिर मारामारी शुरु हो गई है। डीएपी खाद फिलहाल उपलब्ध नहीं है जबकि यूरिया वितरण में किसानों द्वारा मनमानी और भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया जा रहा है। बता दें कि खरीफ फसलों की बोवनी के लिए किसान जिला मुख्यालय स्थित नानाखेड़ी डबल लॉक वितरण केंद्र और ब्लॉक मुख्यालय पर संचालित केंद्रों पर सुबह से ही पहुंच रहे हैं। इसी बीच शुक्रवार को एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने यूरिया वितरण में भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है। दरअसल, बरखेड़ागिर्द से खाद लेने आए किसान प्रवीण सेन ने मीडियाकर्मियों की मौजूदगी में दावा किया कि उसे पॉस मशीन के जरिए 19 बोरी यूरिया खाद की पर्ची प्राप्त हुई थी। जबकि दूसरी काउंटर पर 15 बोरी यूरिया देने के लिए सादा पर्ची दे दी गई। दोनों पर्ची उसके पास मौजूद है। नियमानुसार आधार कार्ड से पहचान कराकर जितनी बोरी देने के लिए मशीन स्वीकृति देती है उतना ही खाद किसानों को मिलना चाहिए। इस मामले में भ्रष्टाचार की आशंका है। किसान ने वितरण केंद्र पर मौजूद अधिकारियों पर भी भ्रष्टाचार की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। वहीं डीएपी की खेप अब तक नहीं मिलने की वजह से अधिकांश किसानों को बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि हर बार बोवनी के समय खाद का संकट उत्पन्न होना परम्परा बन गई है। जबकि कृषि



**राजनैतिक दल फिर नदारद**

हैरानी की बात यह है कि सालभर किसान हितैषी होने का दावा करने वाले राजनीतिक दल खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की सुविधा और सहायता के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं। इस बार भी नानाखेड़ी स्थित वितरण केंद्र पर कोई भी राजनीतिक दल का नेता नजर नहीं आ रहा है। किसानों का कहना है कि अधिकांश राजनीतिक दलों के नेता स्वयं किसान हैं। इसलिए वे सबसे पहले अपने लिए खाद का इंतजाम करते हैं। आम किसानों को खाद लेने के लिए शुरुआत से ही कतार में धक्का खाना पड़ता है। जिसकी शुरुआत अभी से हो चुकी है। न तो सत्ताधारी दल के नेता वितरण केंद्र पर किसानों की समस्या सुनने पहुंचते हैं और न ही विपक्ष आता है। कभी–कभार नानाखेड़ी चौराहे पर नारेबाजी कर देते हैं या फिर कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसानों के बाहर ज्ञापन दे दिया जाता है।

**व्यवस्थाएं नहीं होने से नाराजगी**

पिपरौदाखुर्द से नानाखेड़ी मंडी स्थित खरीदी केंद्र पर आए किसान संतोष अहिरवार ने बताया कि केंद्र के बाहर पर्याप्त इंतजाम नहीं है। शुक्रवार को धूप इतनी तीखी हो गई थी कि लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। ऐसे में किसान तीखी धूप के बीच खाद विक्रय केंद्र की खिड़की के बाहर एक–दूसरे से सटकर खड़े थे। पसीने से किसानों का बुरा हाल था। कई किसान अकेले ही खाद खरीदने आए थे। वे कतार से नम्बर हटने की वजह से पानी पीने के लिए भी नहीं जा सके। किसानों ने बताया कि अभी तक खाद विक्रय की शुरुआत हुई है।

विभाग और प्रशासन के अधिकारी हर बार पर्याप्त खाद उपलब्ध होने का दावा करते हैं, लेकिन वितरण केंद्रों पर किसानों द्वारा एक–दूसरे के साथ धक्का–मुक्की करने के दृश्य आज भी वायरल हो रहे हैं। किसानों के लिए मंडी में पर्याप्त इंतजाम भी नहीं किए हैं। धूप और गर्मी में घंटों खाद के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

चोरी का विचित्र मामला

## नसेनी लगाकर अंदर घुसा चार्जर और बैट्री ले गया बदमाश

**गुना, देशबंधु।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बूढ़े बालाजी हरिपुर रोड पर चोरी का एक विचित्र मामला सामने आया है। चोर बड़ी मेहनत से घर में दाखिल हुआ था लेकिन कीमती सामानों को छोड़कर केवल एक बड़ी बैटरी और एक मोबाइल चार्जर चुरा ले गया है।



पीड़ित रवि ओझा के अनुसार, पिछली रात एक अज्ञात चोर पड़ोसी के घर से चढ़कर और सीढ़ी की सहायता से उनके घर में घुसा। चोर सीधे गैलरी में गया और वहाँ रखी दुकान की एक बड़ी बैटरी और एक मोबाइल चार्जर लेकर फरार हो गया। आश्चर्यजनक बात यह है कि घर के अंदर अलमारी खुली हुई थी और आँगन में दो मोटरसाइकिलें भी खड़ी थीं, लेकिन चोर ने इनमें से किसी भी चीज को नहीं छुआ। इस घटना से अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर शायद सिर्फ अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए ही आया था। घटना के समय रवि ओझा और उनका परिवार घर में सो रहा था। सुबह चोरी का पता चलने पर सभी हैरान रह गए। रवि ओझा ने बताया कि वह मंडी में सब्जी बेचता है और बैट्री का उपयोग छोटी सी दुकान में रोशनी करने के लिए करता था। रवि ने बताया कि उनके इलाके में इस तरह की छोटी–मोटी चोरियां अक्सर होती रहती हैं और यदि पुलिस ने समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं की तो भविष्य में बड़ी वारदातें भी हो सकती हैं। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने की मांग की है। उनका कहना है कि इस प्रकार की चोरियों से लोगों में डर का माहौल व्याप्त हो रहा है और पुलिस को इस पर सख्ती से ध्यान देना चाहिए। इस मामले की डायल–100 को सूचना दी गई, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

## जिला पंचायत सीईओ ने की जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

**खेत तालाब के 2105 लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रगति होने पर नाराजगी व्यक्त की**

**गुना, देशबंधु ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में योजनाओं की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गुना द्वारा सर्व ' जल गंगा संवर्धन' अभियान की समीक्षा करते हुए अभियान अन्तर्गत आने वाले कम्पोनेंटों के सभी कार्यों को लक्ष्य के अनुरूप समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने खेत तालाब के 2105 लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रगति होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने डगवेल रिचार्ज, अमृत सरोवर को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार महिला मेट नियोजन के लक्ष्य 1527 एवं मनरेगा कंवर्जेंस आंगनबाड़ी के कार्यों के लक्ष्य 15 के विरुद्ध निर्धारित समय–सीमा में शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश भी दिये गये। सीईओ जिला पंचायत द्वारा %जल गंगा संवर्धन' के कार्यों में रुचि न लेने एवं प्रगति संतोषजनक नहीं होने के कारण जनपद पंचायत राघौगढ़ के सहायक यंत्री श्री अफराज खान, उपयंत्री श्री प्रदीप लोधी एवं ओमप्रकाश धाकड़ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि यदि दिनांक 17 मई 2025 तक संबंधित ब्लॉक की अपेक्षित प्रगति नहीं आती है तो सभी संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाए। बैठक में राजेश्वरी बघेल कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा गुना, संबंधित योजना प्रभारी जिला पंचायत गुना, गौरव यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरोन, पुष्पेन्द्र व्यास मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बमोरी, गौरव खरे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुना, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एडीईओ, पीसीओ जनपद पंचायत आरोन, बमोरी, गुना राघौगढ़ सभाकक्ष में उपस्थित रहे तथा जनपद पंचायत चांचौड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिर्राज दुबे सहित ब्लॉक के समस्त अधिकारी, कर्मचारी गूगल लिंक के माध्यम से बैठक में जुड़े।

### नशा पीड़ित परिवारों के लिए ग्राम विनायकखेड़ी में हुई जागरुकता कार्यशाला

**गुना।** मन मनोचिकित्सा संस्थान एवं नशामुक्ति केंद्र (डीडीएसी) गुना द्वारा ग्राम विनायकखेड़ी में नशे से पीड़ित परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कानूनी मार्गदर्शन विषय पर एक महत्वपूर्ण जनजागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत जिला नशामुक्ति केंद्र और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भारी संख्या में भाग लिया, जिसमें लगभग 120 से 150 लोग शामिल थे। बच्चों की सक्रिय भागीदारी और उनके विचारों ने कार्यक्रम को और भी सार्थक बना दिया। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों से जूझ रहे परिवारों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और उपलब्ध कानूनी सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मन समिति की सचिव संगीता सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, मन कॉलेज में संचालित एम.फिल क्लिनिकल साइकोलॉजी कोर्स की विभागाध्यक्ष डॉ. भावना मुकुंद, असिस्टेंट प्रोफेसर आरुशी कुमारी और डीडीएसी की प्रोजेक्ट मैनेजर शुभिका विजयवर्गीय ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विशेष आमंत्रित अतिथि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना की सचिव वंदना त्रिपाठी ने ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

## आरोन में मोबाइल मार्केट में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा



**आरोन, देशबंधु।** शुक्रवार को आरोन नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। प्रशासन ने मोबाइल मार्केट गली में वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। इस कार्रवाई में मुख्य रूप से निकाय स्वामित्व की दुकानों के बाहर आम नागरिकों द्वारा नालियों के ऊपर बनाए गए चबूतरों को हटाया गया। इन चबूतरों के कारण न केवल राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही थी, बल्कि नालियों की नियमित सफाई भी बाधित हो रही थी, जिससे गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा था। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने कमर कस ली और पूरी तैयारी के साथ मोबाइल मार्केट गली में अतिक्रमण हटाने की योजना को अंजाम दिया। इस अभियान के दौरान नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दिनेश कुमार सोनी, सफाई दरोगा शिवराम बैरागी, शिवम शर्मा और नगर पालिका का अतिक्रमण दल मौके पर मौजूद रहा। कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए सीएमओ दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि नगर परिषद द्वारा पूर्व में भी अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन दुकानदारों द्वारा दोबारा अतिक्रमण किया जा रहा है, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आज की इस कार्रवाई से मोबाइल मार्केट गली में आवागमन सुगम होने की उम्मीद है, साथ ही नालियों की सफाई भी नियमित रूप से हो सकेगी, जिससे नगर में स्वच्छता बनी रहेगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साडा कॉलोनी में अनुविभागीय अधिकारी की मौजूदगी में हुआ आयोजन

## राघौगढ़ में लगा रक्तदान शिविर, 25 यूनिट रक्त एकत्रित

**गुना,देशबंधु।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साडा कॉलोनी राघौगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विकास कुमार आनंद के निर्देशन में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गुना डॉ आर आर माथुर और मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी राघौगढ़ डॉ धर्मेंद्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

शिविर का शुभारंभ तहसीलदार राघौगढ़ गजेंद्र लोधी और उनकी पत्नी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कर किया गया। मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप आज कुल 25 लोगों ने रक्तदान किया।

समाजसेवी पंकज साहू और विशाल पटवा ने भी शिविर में विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर एक दिव्यांगजन द्वारा किया गया रक्तदान प्रेरणा का स्रोत रहा। शिविर में गणमान्य नागरिकों के साथ–साथ स्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग के कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। एसडीएम विकास कुमार आनंद स्वयं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राघौगढ़ में उपस्थित रहे और उन्होंने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।




इस पूरे कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग से मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अनिल धाकड़, डॉक्टर सुश्रुत सक्सेना, आरबीएसके डॉक्टर महेंद्र यादव, बीईई रघुवीर सिंह भील, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कुमार शुक्ला, मनोज लोधी, रूबी मोनिका, रविकांत नैय्यर, अंजली पंथी, अर्चना त्रिपाठी, सुनील मांझी, मनोज ओझा, राधेश्याम बुनकर, सुरेंद्र भील और गुना से आए ब्लड बैंक की टीम से कपिल उपाध्याय, विक्की सिकरवार एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

इस सफल रक्तदान शिविर के आयोजन से क्षेत्र में रक्त की आवश्यकता को पूरा करने में मदद मिलेगी। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

आंखों में आत्मविश्वास और कृतज्ञता साफ झलक रही थी

## कलेक्टर की संवेदनशील पहल से रचना को मिला नया संबल

**डगुना, देशबंधु।** संवेदनशील प्रशासन जब साथ खड़ा हो, तो विपत्ति भी संबल बन जाती है। ऐसी ही प्रेरणादायी कहानी है रचना विश्वकर्मा की, जिन्हें कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की पहल पर अनुकंपा नियुक्ति के माध्यम से नया जीवन मिला। स्वर्गीय मनोज विश्वकर्मा के असामयिक निधन के बाद उनका परिवार गहरे संकट में था। इस कठिन समय में कलेक्टर श्री कन्याल की तत्परता से रचना को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, गुना में बैंकिंग सहायक के पद पर नियुक्ति दी गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने श्री कन्याल ने स्वयं उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। यह क्षण सिर्फ औपचारिकता नहीं था, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर पहला ठोस कदम था। श्रीमती रचना की आँखों में आत्मविश्वास और कृतज्ञता साफ झलक रही थी। उन्होंने निष्ठा और समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया। अनुकंपा नियुक्ति की यह प्रक्रिया कलेक्टर श्री कन्याल की



मानवीय दृष्टिकोण और प्रशासनिक संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि पात्र परिवारों को समय पर सहायता मिले, जिससे वे जीवन में फिर से स्थिरता पा सकें। यह कहानी दर्शाती है कि जब शासन संवेदना के साथ कार्य करता है, तो न सिर्फ नीतियां कारगर होती हैं।
बल्कि जिंदगियां भी संवरती हैं।

मुखौटा कला मंच आयोजित कर रहा शिविर

## ग्रीष्मकालीन नाट्य शिविर में कलाओं की बारीकियां सीख रहे बच्चे

**शिविर बच्चों के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है**



**गुना, देखबंधु।** मुखौटा कला मंच द्वारा आयोजित 14वां ग्रीष्मकालीन नाट्य शिविर 5 मई से मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल में सफलतापूर्वक जारी है। इस शिविर में बच्चों को अभिनय, गायन, नृत्य, क्राफ्ट, पेंटिंग और योगा जैसे विभिन्न कलाओं की बारीकियों से प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह शिविर 30 मई तक चलेगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को कला और संस्कृति से जोडने् के उद्देश्य से इस नाट्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को इन विभिन्न कलाओं का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर निर्देशक विष्णु झा ने बताया कि नाट्य शिविर बच्चों के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इस शिविर में बच्चे न केवल कला सीखते हैं, बल्कि अच्छे संस्कार भी ग्रहण करते हैं, जो आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। इस वर्ष के शिविर में योगा का प्रशिक्षण ममता ओझा, हरिओम ओझा एवं जितेंद्र सिंह लोधा द्वारा दिया जा रहा है। संगीत की शिक्षा संतोष भार्गव प्रदान कर रहे हैं, जबकि नृत्य का प्रशिक्षण क्षितिजा कोकाटे दे रही हैं। स्वयं विष्णु झा नाट्यकला की बारीकियों से बच्चों को अवगत करा रहे हैं। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों द्वारा तैयार की गई विभिन्न कला विधाओं की प्रस्तुतियों का प्रदर्शन शिविर के समापन समारोह में किया जाएगा। यह निश्चित रूप से एक आकर्षक कार्यक्रम होगा जिसमें बच्चों की प्रतिभा देखने को मिलेगी।

अधिकारिक घोषणा का अभी भी इंतजार

## डेढ़ साल बाद आम लोगों के लिए खुले स्टेशन के प्रवेश द्वार

**टिकट प्रवेश द्वार का कार्य अभी भी अधूरा होने के कारण यात्रियों को टिकट लेने के लिए घूमकर स्टेशन के अंदर से ही जाना पड़ेगा**

**गुना, देशबंधु।** आखिरकार डेढ़ वर्ष की लंबी प्रतीक्षा के बाद गुना रेलवे स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार यात्रियों के लिए खोल दिया गया है। हालांकि, रेल प्रशासन के स्थानीय अधिकारियों द्वारा इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि प्रवेश द्वार का विधिवत लोकार्पण कुछ ही दिनों में किया जाएगा।

बता दें कि अमृत भारत निर्माण योजना के तहत इस प्रवेश द्वार को डेढ़ वर्ष पूर्व बंद कर दिया गया था, जिसका निर्माण कार्य इतने लंबे समय में भी अधूरा है। मुख्य प्रवेश द्वार बंद होने के कारण यात्रियों को स्टेशन तक पहुंचने के लिए रेलवे कॉलोनी के पास से होकर जाने वाले प्रेम श्री बाला रोड का वैकल्पिक मार्ग उपयोग करना पड़ रहा था। सामाजिक कार्यकर्ता और रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य सुनील आचार्य ने बताया कि रेलवे कॉलोनी के पास वाली सड़क पर तो रात में प्रकाश और अच्छी



स्थिति है, लेकिन प्रेम श्री के सामने बाला रोड पर न तो रात में रोशनी की व्यवस्था है और न ही सड़क ठीक है। गहरे गड्ढों के कारण यात्रियों के वाहन कई बार दुर्घटनाग्रस्त हुए और यात्री चोटिल भी हुए। यात्रियों की इस परेशानी को लेकर भोपाल मंडल के गुना आगमन पर डीआरएम महोदय से भी बात की गई थी। उन्होंने भी प्रवेश द्वार खोलने के लिए तारीखें दी थीं, लेकिन स्थानीय संबंधित अधिकारी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। आचार्य ने प्रवेश द्वार के मुद्दे को सोशल मीडिया और पत्र के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया था। उन्होंने बताया कि यात्री हित और उनकी सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को धीमी गति से किया जा रहा है, जैसे कि स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार पिछले डेढ़ वर्षों से बंद है। टिकट लेने के लिए भी यात्रियों को घूमकर स्टेशन के अंदर से जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती है। इन आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाना चाहिए था। हालांकि, आनन–फानन में मुख्य प्रवेश द्वार खोल तो दिया गया है, लेकिन अभी भी पूर्ण कार्य बाकी है, जिससे यात्रियों को सावधानी से आवाजाही करनी होगी। आचार्य ने रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया कि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्य प्रवेश द्वार को खोला गया है। लेकिन, टिकट प्रवेश द्वार का कार्य अभी भी अधूरा होने के कारण यात्रियों को टिकट लेने के लिए घूमकर स्टेशन के

**सड़क पर तो रात में प्रकाश और अच्छी स्थिति है**

मुख्य प्रवेश द्वार बंद होने के कारण यात्रियों को स्टेशन तक पहुंचने के लिए रेलवे कॉलोनी के पास से होकर जाने वाले प्रेम श्री बाला रोड का वैकल्पिक मार्ग उपयोग करना पड़ रहा था। सामाजिक कार्यकर्ता और रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य सुनील आचार्य ने बताया कि रेलवे कॉलोनी के पास वाली सड़क पर तो रात में प्रकाश और अच्छी स्थिति है, लेकिन प्रेम श्री के सामने बाला रोड पर न तो रात में रोशनी की व्यवस्था है और न ही सड़क ठीक है। गहरे गड्ढों के कारण यात्रियों के वाहन कई बार दुर्घटनाग्रस्त हुए और यात्री चोटिल भी हुए। यात्रियों की इस परेशानी को लेकर भोपाल मंडल के गुना आगमन पर डीआरएम महोदय से भी बात की गई थी। उन्होंने भी प्रवेश द्वार खोलने के लिए तारीखें दी थीं, लेकिन स्थानीय संबंधित अधिकारी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। आचार्य ने प्रवेश द्वार के मुद्दे को सोशल मीडिया और पत्र के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया था।

# आदमपुर खंती में आग पर शीर्ष अदालत ने ननि को लगाई फटकार

## सीपीसीबी से मांगी रिपोर्ट, 25 जुलाई को पेश करना होगी

**भोपाल,देशबन्धु।** राजधानी भोपाल की आदमपुर कचरा खंती में अप्रैल में लगी भीषण आग को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने नगर निगम को फटकार लगाई है। वहीं, इस घटना की जांच रिपोर्ट सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी ) से मांगी गई है। इस मामले की सुनवाई 6 सप्ताह बाद यानी, 25 जुलाई को होगी।

भोपाल के पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष सी. पांडे ने आदमपुर खंती में आग लगने की घटनाओं को लेकर ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में मार्च 2023 में याचिका दाखिल की थी। इस पर एनजीटी ने 31 जुलाई-23 को नगर निगम पर 1 करोड़ 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। एनजीटी के इस आदेश के खिलाफ निगम ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी। जिस पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इसमें निगम की ओर से जुर्माने की राशि माफ किए जाने की मांग रखी गई। दूसरी ओर, पर्यावरणविद् डॉ. पांडे की ओर से अभिभाषक हर्षवर्धन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने अदालत में तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि जिस आग के लिए निगम ने याचिका दाखिल की है, वह तो अभी भी लग रही है। इस संबंध में श्री पांडे ने 22 अप्रैल को आदमपुर खंती में लगी भीषण आग का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि यह आग कई दिन में बुझी थी। वहीं इसका धुआं कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई दिया था। इसलिए सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को शामिल करके जांच करवाई जाए। इस पर न्यायालय ने बोर्ड को जांच करने के आदेश दिए। साथ ही कहा कि सीपीसीबी 6 सप्ताह में जांच करके रिपोर्ट देगा।



वहीं सर्वोच्च न्यायालय ने आज आदेश में कहा कि नगर निगम ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। यदि नियमों का पालन करता तो कचरे का इतना बड़ा पहाड़ नहीं लगता। अदालत ने कहा कि कचरे के ढेर अलग-अलग होने चाहिए थे। यदि ऐसा होता तो इतनी भीषण आग नहीं लगती।

## श्रमिक संगठनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल अब 9 जुलाई को

**भोपाल,देशबन्धु।** देशभर की दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों- सीटू, इंटक, एटक, एचएमएस, एआईयूटीयूसी, सेवा, एआईसीसीटीयू, टीयूसीसी, एलपीएफ, यूटीयूसी तथा केन्द्रीय कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, बैंक, बीमा, बीएसएनएल, रेलवे, कोयला, स्टील, तेल, रक्षा उत्पादन, गोदी-बंदरगाह, बीएचईएल, बीईएमएल आदि के 100 से अधिक स्वतंत्र फेडरेशनों/एसोसिएशनों के संयुक्त मंच ने 20 मई को प्रस्तावित देशव्यापी आम हड़ताल की तारीख को आगे बढ़ाकर अब 9 जुलाई को करने का निर्णय लिया है। सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) की मध्यप्रदेश राज्य समिति ने एक विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी देते हुए कहा कि यह निर्णय जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई, के बाद देश में उत्पन्न हालातों को देखते हुए ट्रेड यूनियनों ने राष्ट्रहित में जिम्मेदार नागरिक होने के दायित्व निर्वहन करते हुए लिया है। ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने सरकार से अपील की है कि वह इस संवेदनशील समय में देश के भीतर नफरत फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। (सीटू) ने कहा कि हड़ताल की तारीख को आगे बढ़ाया गया है, लेकिन श्रमिक वर्ग के अधिकारों की लड़ाई पूरी ताकत से जारी रहेगी। 9 जुलाई को देशव्यापी आम हड़ताल के पूर्व सघन अभियान चलाया जाएगा।

# 6 हिस्सों में कटा गौवंश मिला, फैला रोष

**भोपाल,देशबन्धु।** करोंद क्षेत्र स्थित पलासी गांव में शुक्रवार सुबह उस वक्त रोष फैल गया, जबकि गौवंश काटे जाने का मामला सामने आया । यह सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर दो आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छह हिस्सों में काटे गए गौवंश के अवशेष बरामद किए।

निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि श्याम यादव, जो निशातपुरा निवासी हैं और गौसेवक के रूप में सक्रिय हैं, ने पुलिस को सूचना दी थी कि पलासी गांव में गौवंश का वध किया गया है। श्याम के मुताबिक वे सुबह पांच बजे साथियों के साथ मौके पर पहुंचे तब दो युवक दूर से ही उनके वाहनों को देखकर भाग निकले। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि गौवंश को मकानों की आड़ में सुनसान इलाके में काटा गया है। पुलिस ने घटना स्थल से छह हिस्सों में कटे गौवंश के अवशेष बरामद किए । इसके साथ ही पुलिस को मौके बड़ी संख्या में खून एक बका मिला। वहीं एक अन्य गाय वहां बंधी मिली। संभवतः आरोपी इसे भी काटने की तैयारी में थे। श्याम यादव की शिकायत पर करीब 6 लोगों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी।

सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों रेहान और अरबाज को हिरासत में ले लिया है। यह दोनों आरोपी चर्चरोड जिंसी जहांगीराबाद के रहने वाले हैं। वहीं, फरार आरोपियों आलम और सोहैल की तलाश जारी है। हालांकि थाना प्रभारी का कहना है कि सभी आरोपियों की पहचान की जा चुकी है। दो बदमाश निशातपुरा तथा चार आस पास के थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही साफ होगा कि वे कितने समय से इस कार्य को कर रहे थे और अब तक कितने गौ वंश का वद्य कर चुके हैं। आरोपी गौकशी के बाद क्या करते थे। मांस को किसे और किसके माध्यम से बेचा जाता था। जिससे गिरोह के अन्य सदस्यों पर भी कार्रवाई की जा सके।

## बस की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**भोपाल,देशबन्धु।** बस में चढ़ते समय बुजुर्ग महिला का पैर फिसल गया। इस दौरान बस धीमी गति से चल रही थी। गिरते ही महिला बस के पहिए की चपेट में आ गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवारा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय नफीसा बी चांदबड़ इलाके में कपड़ा मिल के पास रहती थी। बुधवार रात वे किसी काम से भारत टॉकीज इलाके में गई थी। वहां से लौटते समय गुरुवार सुबह वे भारत टॉकीज ब्रिज के पास सड़क किनारे खड़ी होकर सिटी बस का इंतजार कर रही थीं। थोड़ी देर बाद बस आई तो वे बस में चढ़ने लगी। इस दौरान बस धीमी गति से चल रही थी। चढ़ते समय उनका पैर फिसला और वे बस से गिर गईं। बस से गिरते ही वे बस के पिछले पहिए की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे परिजन उन्हें अयोध्या बायपास स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां गुरुवार रात उनकी मौत हो गई।

# *बीएमएचआरसी में छाती की मांसपेशियों से बनाया नया जबड़ा*

## *गुटखा खाने से पूरी तरह बंद हो गया था मुंह, जबड़े की हड्डी तक फैल गया था कैंसर*

***भोपाल, देशबन्धु।*** *भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) के चिकित्सको ने एक बार फिर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता का परिचय देते हुए जबड़े के कैंसर से पीड़ित एक मरीज के जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इसके तहत वर्षों तक गुटखे की लत का शिकार रहे व्यक्ति का मुंह पूरी तरह बंद हो गया था और कैंसर जबड़े की हड्डी तक फैल चुका था। उसकी गंभीर हृदय स्थिति और कैंसर की उन्नत अवस्था के बावजूद बीएमएचआरसी की टीम ने न केवल जीवनरक्षक ऑपरेशन किया, बल्कि छाती की मांसपेशियों से नया जबड़ा बनाकर उसको नया जीवन भी दिया।*

*प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीहोर निवासी यह 42 वर्षीय व्यक्ति बीते दस वर्षों से गुटखा सेवन की लत से ग्रसित था। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उसे मुंह खोलने में दिक्कत और गर्दन में गांठों की शिकायत हुई। प्रारंभिक इलाज के लिए वह एक निजी अस्पताल गया, जहां गर्दन की गांठों का रेडियोथेरेपी से इलाज तो हुआ, लेकिन मूल रोग की पहचान नहीं हो सकी। बीमारी बढ़ती रही और अंततः मरीज बीएमएचआरसी पहुंचा। यहाँ कैंसर सर्जरी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनवीर गौतम और उनकी टीम ने एंडोस्कोपिक बायोप्सी की। जांच में जबड़े के कैंसर की पुष्टि हुई। इसके बाद की गई पेट स्कैन जांच में सामने आया कि कैंसर जबड़े की हड्डी में गहराई तक फैल चुका है। मरीज पहले से ही हृदय की गंभीर समस्या से पीड़ित था और उसका हृदय 40 प्रतिशत ही कार्य कर रहा था, जिससे ऑपरेशन की जटिलता और जोखिम कई गुना बढ़ गए थे।*



*इन सब चुनौतियों के बावजूद डॉ. गौतम के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम ने उच्च स्तरीय सर्जिकल तकनीकों का प्रयोग करते हुए मरीज के कैंसरग्रस्त जबड़े को निकालकर, छाती की मांसपेशियों के उपयोग से नया जबड़ा बनाया। सर्जरी के पश्चात मरीज को आईसीयू में कुछ समय के लिए दिल का दौरा भी आया, लेकिन सतर्क निगरानी और त्वरित चिकित्सकीय हस्तक्षेप के चलते स्थिति नियंत्रण में आ गई। चिकित्सकों के अनुसार, वर्तमान में मरीज की हालत स्थिर है और आने वाले दिनों में वह सामान्य रूप से मुंह खोलने और भोजन करने में सक्षम होगा। इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनवीर गौतम, एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिल्पा तिवारी, सीनियर रेज़िडेंट डॉ. ऋषि के. आठ्या, जूनियर रेज़िडेंट डॉ. आशीष वैद्य शामिल रहे। टीम को ओटी सुपरवाइज़र सुरेंद्र सिंह ठाकुर, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर जगदीश श्रीवास्तव, सुनील जाखड़, मर्सी सिस्टर एवं सोमिता का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।*

### *इनका कहना है*

*बीएमएचआरसी में हमारा सतत प्रयास है कि हम गंभीर और जटिल रोगों के इलाज में नई ऊंचाइयों को छुएं। यह ऑपरेशन हमारे चिकित्सा विशेषज्ञों की दक्षता, प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रमाण है। मरीजों को आयुष्मान भारत योजना से उच्चस्तीय और निशुल्क उपचार मिल रहा है, यह काफी खुशी और संतुष्टि की बात है।*

***डॉ. मनीषा श्रीवास्तव,*** *प्रभारी निदेशक, बीएमएचआरसी*


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल**

**क्र./666, 686/तशा/प.यं./2025** **दिनांक : 15.05.2025**

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा जिला भोपाल एवं अशोकनगर में निर्माण कार्य एवं विभिन्न मरम्मत कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2025_MPPHC_423910_1, 2025_MPPHC_423911_1, 2025_MPPHC_423912_1 2025_MPPHC_423914_1, 2025_MPPHC_423916_1 2025_MPPHC_424217_1, 2025_MPPHC_424235_1 दिनांक **29.05.2025 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/120154/2025 **परियोजना यंत्री**


# सभी यातायात नियमों का पालन करें: संभागायुक्त

**भोपाल,देशबन्धु।** संभागायुक्त संजीव सिंह ने शुक्रवार को स्मार्ट सिटी ऑफिस में एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली का निरीक्षण किया एवं प्रणाली के क्रियान्वयन एवं यातायात प्रबंधन तथा शासन में इसके प्रभावी उपयोग को लेकर अधिकारियों को बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने स्मार्ट सिटी ऑफिस में एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली का निरीक्षण करते हुए ई-चालान प्रक्रिया और पेनल्टी के भुगतान की प्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने ई-चालान के माध्यम से पेनल्टी भरने के विभिन्न तरीकों को जाना और अधिकारियों को 1 जनवरी 2025 से अब तक हुए यातायात नियम उल्लंघनों, जारी चालानों की संख्या एवं वसूली की गई राशि का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने चालानों के भुगतान की नियमित निगरानी एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने डीसीपी यातायात संजय सिंह को 31 मई तक वाहनों की चेकिंग अभियान को प्रभावी रूप से संचालित कर ओवर स्पीडिंग, रेड लाइट जंप करना, अनुचित पार्किंग और बिना वैध दस्तावेजों के वाहन चलाने जैसे मामलों में नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इससे न केवल दुर्घटनाओं में कमी आती है,बल्कि जीवन की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। नियमों की अनदेखी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह दूसरों की ज़िंदगी को भी खतरे में डालता है। सुरक्षित यात्रा के लिए नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। बैठक में राजस्व उपायुक्त श्रीमती किरण गुप्ता, एडीएम प्रकाश नायक, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती अंजू अरुण कुमार, एसडीएम रविश श्रीवास्तव एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।


**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश विन्दा बाई **(Vinda Bai)** अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम बोंदी बाई (Bondi Bai) है । मेरे जन्म प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र (वोटर कार्ड) में मेरा नाम बोंदी बाई ;ठवदकप ठंपद्ध अंकित है । मुझे बोंदी बाई (Bondi Bai) नाम से जाना व पहचाना जाता है ।

**पुराना नामः विन्दा बाई (Vinda Bai)**

**नया नामः बोंदी बाई (Bondi Bai) पति रमेश चंद तिलक 164, बड़झिरी, झागरिया खुर्द जिला- भोपाल म.प्र. पिन कोड- 642044**

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल तहसील टी.टी.नगर(कुनाल राउत)**

जिला-भोपाल म.प्र.

प्र.क्रं.0027/अ-6/2025-26

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शशि चौधरी पति/पुत्री सत्येन्द्र कुमार चौधरी निवासी-बी-132, पेबेल बे फेस 2 बागमुगालिया भोपाल म.प्र. द्वारा ग्राम -चूनाभट्टी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 63/3/2/1, 63/2/1/2, 63/2/2 का अंश भाग होकर रकवा 1050 वर्गफिट स्थित प्लाट क्र. 03 तहसील हुजूर जिला भोपाल के नगर निगम वार्ड क्रमांक 30 में स्थित है का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक एमपी 059702024ए1855151 दिनांक 03.07.2024 के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इष्तहार प्रकाषन के 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 15.05.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल तहसील टी.टी.नगर(कुनाल राउत)**

जिला-भोपाल म.प्र.

प्र.क्र.. 0438/अ-6/2025-26

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जागृति जैन पत्नी श्री राहुल जैन एवं राहुल जैन पिता श्री सुनील जैन दोनों निवासी-10 भूतल पलकमती पार्क नेहरू नगर भोपाल म.प्र. द्वारा ग्राम -कोटरा सुल्तानाबाद स्थित भूमि खसरा क्रमांक 245, 250, 252, 258 का अंश भाग होकर रकवा 105.00 वर्गमीटर स्थित प्लाट क्र. 05 तहसील हुजूर जिला भोपाल के नगर निगम वार्ड क्रमांक 27 में स्थित है का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 17.02.2025 के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इष्तहार प्रकाषन के 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार, राजधानी परियोजना भोपाल**

**कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

दूरभाष -07575-278264 E-mail-cmosohagpur@mpurban.gov.in

क्रमांक / 1154 / राज. शाखा/2025 सोहागपुर, दिनांक 16.05.2025

**आपत्ति इस्तेहार सूचना भवन / प्लाट नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 एवं म.प्र. नगर पालिका अचल संपत्ति का नामांतरण नियम 2016 के तहत निम्नानुसार नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा समय अवधि उपरांत नामांतरण किया जावेगा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुनील कुमार ब्रहम्वंशी /नंदूलाल ब्रहम्वंशी | श्रीमत्ति प्रीति बाई नागवंशी /राजेश कुमार | रजिस्ट्री | रामप्रसाद वार्ड |
| 2 | श्रीमति वंदना सरयाम/इंदर सिंह सरयाम | श्री गनेशराम धौलपुरिया /सुंदरलाल धौलपुरिया | रजिस्ट्री | रामप्रसाद वार्ड |
| 3 | श्री रवि छाबड़िया /मोहनदास छाबड़िया | श्री प्रेमप्रकाश प्रजापति /चुन्नीलाल प्रजापति | रजिस्ट्री | राजेन्द्र वार्ड |
| 4 | श्री राज छाबड़िया / मोहनदास छाबड़िया | कलेक्टर नर्मदापुरम, मार्टिन सिंह पटवारी | रजिस्ट्री | शास्त्री वार्ड |
| 5 | श्रीमति पार्वती अहिरवार/ कमलेश अहिरवार | श्री नंदकिशोर प्रजापति/दुलीचंद प्रजापति | रजिस्ट्री | गाँधी वार्ड |
| 6 | श्रीमति गीता बाई / मंगली प्रसाद दुबे | श्री ललता प्रसाद/मूलचंद कोरी | रजिस्ट्री | रामगंज वार्ड |
| 7 | श्री कीमतमल जेठवानी /ढाडूमल जेठवानी | कलेक्टर नर्मदापुरन, मार्टिन सिंह पटवारी | रजिस्ट्री | शास्त्री वार्ड |
| 8 | श्री राकेश कुमार कुशवाहा / कामता प्रसाद कुशवाहा | श्रीमति लक्ष्मी बाई, संतोष कुमार, हरियोम योगी/बद्रीप्रसाद | रजिस्ट्री | रामप्रसाद वार्ड |
| 9 | श्री दीपक जेठवानी / शोभराज जेठवानी | कलेक्टर नर्मदापुरम, मार्टिन सिंह पटवारी | रजिस्ट्री | शास्त्री वार्ड |
| 10 | श्रीमति सीमा बाई रघुवंशी / लक्ष्मीनारायण रघुवंशी | श्रीमति शकुन बाई. सुधीर, शैलेन्द्र / लक्ष्मीनारायण रघुवंशी | रजिस्ट्री | रामगंज वार्ड |
| 11 | श्रीमति धनवंती बाई प्रधान/दिलीप सिंह प्रधान | श्रीमति प्रभा बाई/जीवनलाल, श्रीमति संगीता बाई पवन सिंह रघुवंशी | रजिस्ट्री | रघुवंशीपुरा वार्ड |
| 12 | श्रीमति रशमी रघुवंशी / सोनू रघुवंशी | श्रीमति कंचन छाबड़िया / दयाराम छाबड़िया, अर्चना खंडेलवाल / संजय खंडेलवाल | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सोहागपुर**

**जाहिर सूचना**

यह कि हम श्रीमति पारूल सरकार पत्नि श्री सुकुमार सरकार एवं श्रीमति सावित्री सरकार पत्नि श्री देवाशीष सरकार दोनो निवासी भौरा उर्फ ढोढरामोहार, तहसील शाहपुर, जिला बैतूल (म.प्र.) के स्थाई निवासी है इनके द्वारा इंडिया शेल्टर फायनांस कार्पोरेशन लिमि. शाखा बैतूल से ऋण लिया जा रहा है। यह कि श्रीमति पारूल सरकार एवं सावित्री सरकार से प्राप्त जानकारी एवं निर्देशानुसार उक्त जाहिर सूचना प्रकाशित है-

यह कि स्थित ग्राम भौरा, ग्राम पंचायत भौरा, तहसील शाहपुर जिला बैतूल, म.प्र. प.ह.नं.- 29, आबादी खसरा नंबर- 111, क्षेत्रफल 30×25=750 वर्गफुट भूमि है, जिसके भूतल पर आरसीसी युक्त एक आवासीय मकान निर्मित है। श्रीमति पारूल सरकार पत्नि श्री सुकुमार सरकार के नाम पर राजस्व रिकार्ड एवं ग्राम पंचायत भौरा में दर्ज है तथा श्रीमति पारूल सरकार पत्नि श्री सुकुमार सरकार के द्वारा अपनी बहू श्रीमति सावित्री सरकार पत्नि श्री देवाशीष सरकार को सहस्वामित्व ई पंजीयन नं.- MP46IGR16852025A100308612, दिनांक 14.05.2025 के द्वारा उक्त संपत्ति में सहस्वामिनि बनाया गया है जिससे उक्त संपत्ति के दोनो स्वामि बन गये है। श्रीमति पारूल सरकार पत्नि श्री सुकुमार सरकार एवं श्रीमति सावित्री सरकार पत्नि श्री देवाशीष सरकार के द्वारा इंडिया शेल्टर फायनांस कार्पोरेशन लिमि. (India Shelter Financer Corporation Ltd.) शाखा बैतूल से लोन प्राप्त किया जा रहा है। किसी अन्य बैंक या वित्तिय संस्था से किसी भी प्रकार का कोई लोन नही किया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस मोबाईल नं. 9926340260 पर संपर्क करें।

जिस पर किसी व्यक्ति संस्था या अन्य संस्थान को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह मेरे कार्यालय में सूचना प्रकाशन की तारीख से 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है। बीतने म्याद उस व्यक्ति बैंक / संस्था इत्यादि की आपत्ति पर किसी भी प्रकार से विचार नही किया जावेगा।

**योगेश मालवीय -अधिवक्ता**
**कार्यालय- मालवीय वार्ड खंजनपुर बैतूल**
**तहसील जिला बैतूल म.प्र. मोबाईल नं.- 9926340260**

**स्थान - बैतूल**
**दिनांक 16.05.2025**

**COROMANDEL INTERNATIONAL LIMITED**

**Regd. Office :** Coromandel House, 1-2-10, Sardar Patel Road, Secunderabad-500003 (A.P.)

**Regional Marketing Office :** Benchmark Business Park, 8th Floor, Unit No. 811, 812, 814 to 817, Block No. A-3, Near Satya Sai Square, Indore-452010

**NOTICE INVITING TENDERS**
**Storage, Handling and Transport Contracts**

Coromandel International Limited, Indore, MP (Formerly Coromandel Fertilizers Limited) invites sealed Tenders from the Experienced, Financially sound parties of the Storage Rake Handling and Transport Contracts at the following Place in Madhya Pradesh, Chhattisgarh & Gujarat State.

**MADHYA PRADESH : Bargawan, Biaora, Burhanpur, Daloda, Damoh, Datia, Dewas, Gadarwara, Garoth, Guna, Indore, Jukehi (Katni), Khandwa, Lidhora Khurd (Sagar), Mahidpur Road, Mandsaur, Neemuch, Pachore, Rewa, Saank (Morena), Shajapur, Tikamgarh & Vikram Nagar.**

**CHHATTISGARH : Kharsia, Akaltara, Tilda, Parlinala (Rajnandgaon), Jagdalpur & Bhatapara.**

**GUJARAT: Bardoli (Navsari), Bhavnagar, Junagarh & Shidhpur (Mehsana)**

Interested parties may apply for obtaining tender document at our Divisional Office. Indore, MP, Duly furnishing the following information / document.

1. Name of Firm/Authorized Person, Address, Phone / Fax Number, E-mail address.
2. Credentials and Bank Solvency for ₹ 10 Lakh (Copy of Certificate issued by bankers to be enclosed).
3. List of Similar Experience for the last 3 years.
4. Latest Income Tax clearance certificate (Copy to be enclosed).

Application with required particular shall be submitted to the undersigned at the above address within a week with a non refundable fee of ₹ 2000/- (By DD) drawn in favour of Coromandel International Limited payable at Indore.

Tender will be received in the office by 05.06.2025 in sealed envelope to be sent by govt. speed post or regd. post only to **Mr. Satanand Sharma,** Dy. Mgr Warehousing. **ADD** : Benchmark Business Park, 8th Floor, Unit No. 811, 812, 814 to 817, Block No. A-3, IDA Scheme No. 54, PU-4, Near Satya Sai Square, Indore-452010

Tender will be opened on 12:00 Hrs. Date 07.06.2025 before committee and the tender result will be intimated to you. Coromandel reserves the right to accept / refuse any application without assigning any reason.

For further details please Call: 9826807244, 9111000334, 9826800436, 9425327124, 9752542543 & 9977215847.

**- Regional Business Head (Sales & Marketing)**

**जाहिर सूचना**

यह कि हम श्री रविशंकर उइके पिता श्री चिनू उइके एवं श्रीमति यशवन्ती उइके पत्नि श्री रविशंकर उइके दोनो निवासी- खैरवाडा, तहसील- आठनेर, जिला बैतूल (म.प्र.) के स्थाई निवासी है इनके द्वारा इंडिया शेल्टर फायनांस कार्पोरेशन लिमि. शाखा बैतूल से ऋण लिया जा रहा है। यह कि श्री रविशंकर उइके एवं श्रीमति यशवन्ती उइके से प्राप्त जानकारी एवं निर्देशानुसार उक्त जाहिर सूचना प्रकाशित है-

यह कि स्थित मौजा खैरवाडा, ग्राम पंचायत- खैरवाडा, तहसील- आठनेर जिला बैतूल, म.प्र. प.ह.नं. 00010, आबादी भूमि में स्थित आबादी खसरा नं. 133, प्लाट नं. 51, क्षेत्रफल 0.101 हेक्ट. याने 101 वर्गमीटर भूमि है। जिसकी लम्बाई 43.5 फुट एवं चौडाई 25 फुट है जिसके भूतल पर एक कच्चा आवासीय मकान निर्मित है। भूमि एवं उस पर निर्मित मकान श्री रविशंकर उइके पिता श्री चिनू उइके के नाम पर राजस्व रिकार्ड एवं ग्राम पंचायत खैरवाडा में दर्ज है तथा श्री रविशंकर उइके पिता श्री चिनू उइके के द्वारा अपनी पत्नि श्रीमति यशवन्ती उइके को सहस्वामित्व ई पंजीयन नं.- MP46IGR16862025A100245055, दिनांक 28.04.2025 के द्वारा उक्त संपत्ति में सहस्वामिनि बनाया गया है जिससे उक्त संपत्ति के दोनो स्वामि बन गये है। श्री रविशंकर उइके पिता श्री चिनू उइके एवं श्रीमति यशवन्ती उइके पत्नि श्री रविशंकर उइके के द्वारा इंडिया शेल्टर फायनांस कार्पोरेशन लिमि. (India Shelter Financer Corporation Ltd.) शाखा बैतूल से लोन प्राप्त किया जा रहा है। किसी अन्य बैंक या वित्तिय संस्था से किसी भी प्रकार का कोई लोन नही किया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस मोबाईल नं. 9926340260 पर संपर्क करें।

जिस पर किसी व्यक्ति संस्था या अन्य संस्थान को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह मेरे कार्यालय में सूचना प्रकाशन की तारीख से 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है। बीतने म्याद उस व्यक्ति बैंक / संस्था इत्यादि की आपत्ति पर किसी भी प्रकार से विचार नही किया जावेगा।

**योगेश मालवीय -अधिवक्ता**
**कार्यालय- मालवीय वार्ड खंजनपुर बैतूल**
**तहसील जिला बैतूल म.प्र. मोबाईल नं.- 9926340260**

**स्थान - बैतूल**
**दिनांक 16.05.2025**

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.** HDFC BANK We understand your world

**पंजीकृत कार्यालयः** एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग लोअल परेल(पश्चिम) मुंबई- 400013

**शाखा :** एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड, प्लाट नं. 3, दूसरी मंजिल, स्टार स्क्वेयर, आईएसबीटी के पास, नेक्सा शोरूम, कस्तुरबा नगर, भोपाल 462001

टेली.: 2780000 सीआईएन : L65920MH1994PLC080618 वेबसाईट : www.hdfcbank.com

**आधिपत्य सूचना**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के सपठित धारा 13(12) में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी/यों (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) द्वारा अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना पत्र जारी कर निम्नलिखित ऋणियों/वैध वारिसों/वैध प्रतिनिधियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शाई गई राशियों के भुगतान तथा/ या वसूली की दिनांक तक आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित कथित सूचनाओं की दिनांक से 60 दिन के अंदर सूचनाओं में अंकित लागू दरों पर ब्याज सहित अदा करने करने हेतु निर्देशित किया था।

| क्रं. | ऋणीयों/वैध वारिसों तथा वैध प्रतिनिधियों के नाम | बकाया राशि | मांग नोटिस की दिनांक / आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों)/ सुरक्षित आस्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजपाल मालवीया, श्री राजपाल लक्ष्मण एवं श्रीमती संगीता | Rs.15,05,301.09 Rs.14,44,530/- दिनांक 31-01-2025* & Rs.60,771.09 दिनांक 26-12-2024* तक | 12-02-2025 / 13-05-2025 | सम्पत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग प्लॉट नं.82 उत्तरी भाग पर निर्मित मकान, जो प्लॉट नं. 82 ए, सेक्टर सी, खसरा नं. 231, 232, 239, 241, 242, 283, 242/1/2/2, 231, 232, 239, 241, 283, 242/1/3/4 का भाग, नटराज गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल, नगर निगम वार्ड नंबर 84, गली रतनपुर सड़क, तहसील हुजूर, जिला - भोपाल (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ-** पूर्व: प्लॉट नंबर 73-बी, पश्चिम: रोड, उत्तर: प्लॉट नंबर 81, दक्षिण: प्लॉट नंबर 82-बी, **प्लॉट का कुल क्षेत्रफल** 15x50 = 750 वर्ग फीट यानी 69.70 वर्ग मीटर |
| 2 | श्री अशोक कुमार मिश्रा एवं श्रीमती वर्षा मिश्रा | Rs.17,34,125.59 Rs.15,51,415/- दिनांक 31-01-2025* & Rs.1,82,710.59 दिनांक 26-12-2024* तक | 12-02-2025 / 13-05-2025 | सम्पत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग एक आवासीय प्लॉट नं.6 का खसरा नं.38 एवं 39/1 पर , बाके मौजा रसूलिया, वार्ड नं.25, एनए. बीए. 270, हल्का नंबर 17, नर्मदापुरम, तहसील एवं जिला - नर्मदापुरम (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व: 15 वर्ग फीट का मार्ग, पश्चिम: मेवारिया का प्लॉट नं.7, उत्तर: 10 वर्ग फीट का मार्ग, दक्षिण: शर्मा जी का प्लॉट नं.19, **प्लॉट का कुल क्षेत्रफल** पूर्व-पश्चिम 30 वर्ग फीट एवं उत्तर-दक्षिण 45 वर्ग फीट कुल 125.46 वर्ग मीटर यानी 1350 वर्ग फीट |

*भुगतान तथा/या वसूली की दिनांक तक के लागू ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित।

तथापि, उपरोक्त दर्शित ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधि देय राशि के भगतान करने में असफल रहे हैं, उपरोक्त ऋणीयों/तथा उनके प्रतिनिधियों को विशेषतः एवं सर्वसाधारण को सामान्यतः सूचित किया जाता है कि सपठित नियम 8 सहित कथित अधिनियम की धारा 13(4) द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत एच.डी.एफ.सी. के प्राधिकृत अधिकारीयों ने उपरोक्त दिनांक को यहाँ वर्णित अचल संपत्तियों/सुरक्षित आस्तियों का **सांकेतिक आधिपत्य** ले लिया है।

ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधियों को विशेषतः एवं सर्वसाधारण को सामान्यतः सावधान किया जाता है कि उपरोक्त अंकित अचल संपत्तियों एवं सुरक्षित आस्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार ने करें एवं सदर अचल सम्पत्तियाँ एवं सुरक्षित आस्तियाँ एच.डी.एफ.सी. के आधिपत्य में है।

ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

पंचनामा की प्रतियां और विस्तृत सूची अधोहस्ताक्षरी के साथ उपलब्ध हैं, और यह कि ऋणियों /वैध वारिसों तथा उनके वैध प्रतिनिधियों को सामान्य कार्यालय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरित से संबंधित प्रतिलिपि एकत्र करने के लिए अनुरोध किया जाता है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 17-05-2025**

वास्ते/- प्राधिकृत अधिकारी
**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

# अभिमत

**आदिवासी किसानों को भी खेती के तौर-तरीके सिखाएं जा रहे हैं। विशेषकर, महिला किसानों को इससे जोड़ा जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। लुप्त हो रहे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन भी हो रहा है। मडिया व मशरूम की खेती की जा रही है। इससे लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है और कुछ आमदनी भी बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में पेड़ों के साथ पौष्टिक अनाज व बिना मशीनीकरण के खेती का महत्व और भी बढ़ जाता है।**

## किसान कार्यकर्ता, जिसने उम्मीद के बीज बोए

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के एक किसान ने बरसों से परती पड़ी जमीन को न केवल उपजाऊ बना लिया है बल्कि उसमें पेड़ लगाकर उसे हरा-भरा भी कर लिया है। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है। लेकिन यह किसान सिर्फ खुद ही पौष्टिक अनाज की खेती नहीं करते, बल्कि एक संस्था से जुड़कर आदिवासियों को भी जैविक खेती के तौर-तरीके सिखा रहे हैं। यह कहानी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह पूरी तरह जैविक है, श्रम आधारित है, और कम लागत वाली है, जो इस समय की जरूरत है। आज इस कॉलम में एक किसान कार्यकर्ता की लगन, जिद और मेहनत की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे बिना रासायनिक खेती की बारीकियां समझी जा सकें।

अनूपपुर से मात्र 10 किलोमीटर दूर है जमूड़ी गांव, और यहीं है महेश शर्मा के परिवार की जमीन। कुछ समय पहले इस खेती को देखने के लिए मैं जमूड़ी गया। लम्बे अरसे से जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर महेश शर्मा काम कर रहे हैं। पहले वे छत्तीसगढ़ में खेती का काम कर रहे थे, जहां बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का कार्यक्षेत्र है। जब संस्था के कार्यक्षेत्र का विस्तार मध्यप्रदेश में भी हुआ, तब यहां भी खेती कार्यक्रम शुरू हो गया। वैसे तो यह संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करती है, पर संस्था का मानना है कि सिर्फ बीमारी का इलाज ही नहीं, उसकी रोकथाम भी जरूरी है। इसके लिए जैविक तरीके से पौष्टिक अनाजों व सब्जी बाड़ी की खेती पर जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को पोषणयुक्त भोजन मिले और उनका स्वास्थ्य बेहतर हो। इसी के मद्देनजर अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ प्रखंड में आदिवासियों के बीच पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है।

**महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है।**

जैविक खेती करने वाले महेश शर्मा ने बताया कि उनके परिवार की जमूड़ी गांव में 5 एकड़ जमीन है। इस जमीन पर उन्होंने 5 साल पहले खेती शुरू करना शुरु किया। इसके पहले यह जमीन बंजर पड़ी थी। लेकिन बहुत ही कम समय में उन्होंने इस जमीन को उपजाऊ बना लिया है। और वह भी पूरी तरह जैविक तौर-तरीके अपनाकर। सबसे पहले मल्चिंग की, यानी हरी खाद से भूमि का ढकाव, जिससे जमीन उपजाऊ हुई, हवादार, पोली और भुरभुरी हुई। और फिर इसमें कई तरह के फलदार पेड़ भी रोपे।

वे आगे बतलाते हैं कि खेत में हरी सब्जियां व मसाले भी उगाते हैं। मड़िया, अरहर, तिल्ली, मूंगफली, अमाड़ी और धान इत्यादि भी लगाते हैं। उनके खेत में सब्जियों में लौकी, करेला, सेमी, बरबटी, भिंडी, बैंगन इत्यादि की खेती अच्छी होती है। उन्होंने अब घर के लिए सब्जियां व मसाले खरीदना बंद कर दिया है। राजगिरा, मिर्च, मैथी, धनिया, प्याज, आलू, टमाटर इत्यादि की फसलें होती हैं। और इन सबसे उनकी घर के खाने की जरूरतें पूरी हो जाती हैं। अतिरिक्त होने पर बेचते भी हैं। हल्दी और मडिया की बिक्री किसान मेलों में हो जाती है। जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था मडिया के बिस्कुट भी बनाती है।

उन्होंने बताया कि खेतों की मेड़ों में बड़ी संख्या में फलदार पेड़ भी लगाए हैं। अगर पेड़ होते हैं तो पक्षी आते हैं, और ये पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। यहां अमरूद के 45 पेड़, नींबू के 4, आम के 11, सीताफल के 8, केले के 40, अनार के 5, महुआ के 15, पपीता के 12, और करौंदे के 20 पेड़ लगाए हैं। सेमरा के 100 से ज्यादा पेड़ लगाकर खेत की बागुड़ कर दी है।

वे आगे बताते हैं कि महुआ फूल की बिक्री से ही उन्हें इस वर्ष 20 हजार रूपए मिले, जिससे उन्होंने देसी गोबर खाद खरीदा, और पूरी जुताई व बुआई करवाई। इस सबमें लगभग 15 हजार की राशि खर्च हुई। धान की खेती बिना रासायनिक खाद व बिना कीटनाशक के की है। यानी महुआ फूल बेचकर जो राशि मिली, उसी में पूरी खेती की लागत निकल गई।

उनके पास दो कुआं हैं, दोनों ही सूख चुके थे, लेकिन जब तालाब बनाया तो दोनों ही कुएं फिर से पानीदार हो गए। अनूपपुर जिले की सीमा से छत्तीसगढ़ राज्य लगा हुआ है, जहां की तालाब संस्कृति प्रसिद्ध है। वहां एक गांव में कई तालाब होते हैं। महेश शर्मा इस संस्कृति से भलीभांति परिचित हैं, और इसलिए उन्होंने खेत का पानी खेत में रोकने का जतन किया। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है।

वे बतलाते हैं कि जो पेड़ लगाए थे, वे अब फल देने लगे हैं। करौंदा में पहली बार फल आ गए हैं। अमरूद और पपीता फलने लगे हैं। खेत में बाजरा के भुट्टे लहरा रहे हैं। कुदरती तौर पर होनेवाली गूजा की हरी पत्तीदार साग हुई है।

महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है, जहां कई तरह के देसी अनाजों के बीजों का संग्रह है। विशेषकर, देसी धान की कई किस्में उनके बीज बैंक में हैं। इसके अलावा, जैविक खेती के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण भी देते हैं।

जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के डॉ. पंकज तिवारी बतलाते हैं कि पुष्पराजगढ़ प्रखंड काफी पिछड़ा है और आदिवासी बहुल है। इस क्षेत्र के लोग ज्यादातर मजदूरी और खेती करके जीवनयापन करते हैं। यहां बच्चों में कुपोषण देखा जाता है। इसे दूर करने के लिए संस्था की ओर से 3 साल तक के छोटे बच्चों के लिए झूलाघर की तरह फुलवारी संचालित की जाती हैं। इन फुलवारियों में हरी सब्जियां उगाई जाती हैं, जो बच्चों को दिए जाने वाले भोजन में शामिल की जाती हैं। इसके अलावा, किसानों को पौष्टिक अनाज की खेती करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस साल 85 किसानों ने जैविक खेती की है। इसके अलावा, इन्हीं किसानों के साथ मशरूम की खेती भी की जा रही है।

वे आगे बताते हैं कि सब्जी बाड़ी में लौकी, भिंडी, कद्दू, करेला, भटा और मिर्ची उगाई जाती है। अक्टूबर से फरवरी तक सब्जी बाड़ी से हरी सब्जियां मिलती हैं। सब्जी बाड़ी में अलग से पानी देने की जरूरत भी नहीं है। फुलवारी में बच्चों को जो हाथ धुलाने के लिए जो पानी इस्तेमाल होता है, उसी से सब्जी बाड़ी को पानी मिल जाता है।

महेश शर्मा ने बताया कि महिला किसानों ने भी मडिया की खेती की है। उपरीकला की फुलवारी कार्यकर्ता लीलाबाई, प्यारी गांव की फुलवारी कार्यकर्ता कौशल्याबाई जैसी कई किसानों ने मडिया की खेती की है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है महेश शर्मा व जन स्वास्थ्य सहयोग की पहल से देसी बीजों के साथ पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है। इस खेती में खर्च न के बराबर है। न रासायनिक खाद की जरूरत और न ही कीटनाशक की। यह खेती पूरी तरह जैविक है। वृक्ष खेती यानी पेडों से जैव खाद मिलती है, पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। खेत का पानी खेत में रोककर तालाब में बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा जा रहा है। इसमें भूजल उलीचने के लिए किसी भी प्रकार की बिजली, डीजल की जरूरत नहीं है।

इसके अलावा, आदिवासी किसानों को भी खेती के तौर-तरीके सिखाएं जा रहे हैं। विशेषकर, महिला किसानों को इससे जोड़ा जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। लुप्त हो रहे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन भी हो रहा है। मडिया व मशरूम की खेती की जा रही है। इससे लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है और कुछ आमदनी भी बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में पेड़ों के साथ पौष्टिक अनाज व बिना मशीनीकरण के खेती का महत्व और भी बढ़ जाता है, जिससे जैव विविधता व पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। कुल मिलाकर, यह पूरी पहल सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

## बीता सप्ताह

**10 मई**
- अमेरिका ने कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप चुने गए।
- केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय ने रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक लगा दिया।
- आईपीएल 2025 भारत-पाक में सरहद पर तनाव के चलते एक हफ्ते के लिए स्थगित हो गया।
- कैट लवर्स के लिए स्वर्ग है जापान का आओशिया आइलैंड।

**11 मई**
- भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत हुआ।
- माल्आ बना यूरोप का सबसे बड़ा जहाज रजिस्ट्री स्थल।
- चीन व अमेरिका के बीच जिनेवा में हुई व्यापार वार्ता।
- किमजॉग ने कहा कि रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती सही है।

**12 मई**
- उत्तर प्रदेश के लखनऊ में होग ब्रम्होस मिसाइल का उत्पादन।
- बांग्लादेश में शेख हसीना का पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
- पुणे के पर्वतारोही जितेडे गवारे ने पाउंट मकालू पर्वत शिखर 8485 मीटर ऊंचे पर फतह किया।
- सूडान पर जेल में ड्रोन हमले से 19 कैदियों की जान चली गई।।

**13 मई**
- भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लिया टेस्ट क्रिकेट से सन्यास।
- पीएम मोदी सीज फायर के बाद देश को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की भावना का प्रतिबिंब है ऑपरेशन सिंदुर।
- सीजफायर के बाद भारतीय सेना ने प्रेस कान्फ्रेस लेकर कहा कि जरूरत पड़ने पर हर मिशन के लिए हम तैयार।
- भारत-पाक युद्ध के चलते बंद भारत के 32 एयरपोर्ट का संचालन पुनः शुरू हुआ।

**14 मई**
- भारत के विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं।
- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई में कहा कि तलाक के बाद भी एक ही घर में रह सकते हैं पति-पत्नी।
- गाजा में नाकाबंदी के कारण भूख से 57 बच्चों की मौत हो गई।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ में 51 हजार पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी चाबी।

**15 मई**
- जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई (बी आर गवई) भारत के 52वें सीजेआई बने। राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ।
- हॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक राबर्टबेंटन का निधन हो गया।
- पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्मिनजेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- उरूग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

**16 मई**
- रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव डॉ. अजय कुमार ने यूपीएससी का अध्यक्ष पद संभाला।
- भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप के कैप्टन सुभांशु शुकला 8 जून को स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होंगे।
- 1995 बैच के आईएफएस के अधिकारी अनुराग भूषण स्वीडन में भारत के नए राजदूत होंगे।
- डीआरडीओ ने विकसित की नई तकनीक समुद्र के खारे पानी को कर सकती है मीठा।

## बांग्लादेश में अवामी लीग पर प्रतिबंध के व्यापक परिणाम होंगे

■ सात्यकी चक्रवर्ती

पिछले सप्ताह डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से देश में सक्रिय राजनीतिक दलों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं। इसी तरह, यह निर्णय भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब उसके पड़ोसी देश में कोई भी मित्र राजनीतिक दल सक्रिय नहीं है। यूनुस सरकार की इस कार्रवाई के व्यापक प्रभाव पर भारतीय मीडिया का अभी ध्यान नहीं गया है, क्योंकि पिछले सप्ताह भारत-पाकिस्तान संघर्ष में इसकी पूरी तरह से संलिप्तता रही है, लेकिन दक्षिण एशियाई मामलों के भारतीय विशेषज्ञ इस बात पर गौर कर रहे हैं कि इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली राष्ट्र होने के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार अब दक्षिण एशियाई देशों में पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गयी है।

अवामी लीग (एएल) शेख मुजीबुर रहमान द्वारा स्थापित राजनीतिक पार्टी है और इस पार्टी ने 1971 में बांग्लादेश के गठन के लिए मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था। एएल ने 2024 तक बांग्लादेश पर अधिकांश वर्षों तक शासन किया, सिवा सेना शासन के वर्षों और खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपीके दो कार्यकालों को छोड़कर। वर्तमान में मुख्य विपक्षी दल बीएनपी है जिसकी अध्यक्ष हैं खालिद जिया। शेख हसीना ने 2009 से लगातार पंद्रह वर्षों तक शासन किया, लेकिन 5 अगस्त, 2024 को उन्हें अवामी लीग सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में अपना पद छोड़ना पड़ा और वे भारत चली आयीं। वे अभी भी भारत में रह रही हैं और कभी-कभी वीडियो के माध्यम से बांग्लादेश में अपने एएल समर्थकों को संबोधित करती हैं।

**इस दृष्टिकोण के अनुसार, न्याय की मांग है कि दोषियों को दंडित करें- उन सभी को नहीं जो सीधे तौर पर उनसे जुड़े नहीं हैं। सामूहिक दंड, भले ही धार्मिक कारणों से प्रेरित हो, संक्रमणकालीन न्याय की वैधता को कमजोर करता है। इतिहास से पता चलता है कि पार्टियों को भंग करने से राष्ट्रों में कभी सुधार नहीं होता। यह अक्सर दरारों को और गहरा करता है।**

पिछले सप्ताह ढाका में छात्रों की नयी पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने 72 घंटे की विशाल रैली निकाली, जिसमें सरकार से अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की गयी। एनसीपी एकमात्र पार्टी है, जिसने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने को अपना मुख्य कार्यक्रम बनाया है। पहले चर्चा थी कि अवामी लीग को सीमित रूप में काम करने दिया जायेगा, जिसमें उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल नहीं किया जायेगा, जिन पर हत्या और यातना देने के आरोप हैं। बीएनपी पहले कुछ दिशा-निर्देशों के तहत एएल को चुनाव में भाग लेने देने के पक्ष में थी, लेकिन अब सरकार के आधिकारिक प्रतिबंध के बाद बीएनपी ने भी प्रतिबंध को राष्ट्रीय मांग बताते हुए उसे अपने समर्थन की घोषणा की है।

परिणामस्वरूप, आने वाले चुनावों में मुकाबला दो मुख्य पार्टियों - बीएनपी, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कर रही हैं और एनसीपी जिसका नेतृत्व छात्रों द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने पिछले साल अगस्त में आरक्षण विरोधी आंदोलन के जरिये शेख हसीना सरकार को गिराने में अहम भूमिका निभायी थी- के बीच होगा। अन्य पार्टियां, जो बहुत छोटी हैं, वे किसी न किसी समूह के साथ गठबंधन करने की कोशिश करेंगी। हाल के महीनों में जमात-ए-इस्लामी ने विदेशों में इस्लामी देशों से बड़ी वित्तीय सहायता के कारण ताकत हासिल की है, लेकिन नागरिकों के बीच इस पार्टी की स्वीकार्यता बहुत कम है। मुख्य चुनावी लड़ाई बीएनपी और एनसीपी तक ही सीमित रहेगी।

अवामी लीग का भविष्य क्या है? अवामी लीग के पास देश में अभी भी समर्पित कार्यकर्ताओं का एक समूह है, हालांकि उनमें से कई खुले तौर पर काम नहीं कर सकते। अवामी लीग निश्चित रूप से प्रतिबंध को अदालत में चुनौती देगी। लेकिन सरकार ने आदेश में कुछ विशेष प्रावधान जोड़े हैं, जिससे अगर अवामी लीग कानूनी लड़ाई लड़ना चाहती है तो उसके लिए मुश्किल हो जायेगी। अवामी लीग की नेता शेख हसीना हाल के हफ्तों में सक्रिय नहीं रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से ही पाकिस्तान के साथ संघर्ष से निपटने में अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। इसलिए भारतीय विदेश मंत्रालय शेख हसीना को अभी भारतीय धरती से कोई सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहेगा।

बांग्लादेश के राजनीतिक पर्यवेक्षकों के बीच सरकार द्वारा अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने और क्या इससे अवामी लीग एक राजनीतिक पार्टी के रूप में खत्म हो जाएगी, इस बारे में अलग-अलग राय हैं।

बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक डेली स्टार के अनुसार, अवामी लीग केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं है - यह एक बहु-पीढ़ी संस्था है। देश भर में लाखों लोगों ने अतीत में इसका समर्थन किया है, उनमें से कई ऐसे परिवारों में जन्मे हैं जो दशकों से पार्टी का हिस्सा रहे हैं। नयी वास्तविकता में इन लोगों का क्या होगा? वे कैसे प्रतिक्रिया देंगे, यह महत्वपूर्ण प्रश्न है।

इसके अलावा, प्रतिबंध एएल को ठीक वही देता है जिसकी उसे अपनी छवि को फिर से बनाने के लिए ज़रूरत है - उत्पीड़क से उत्पीड़ित तक। डेली में व्यक्त राय के अंश में कहा गया है कि वही पार्टी जिसने असहमति को दबाने के लिए राज्य की शक्ति का इस्तेमाल किया, अब पीड़ित होने का दावा करती है। यह भी बताया गया है कि बांग्लादेश नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय वचन (आईसीसीपीआर) का हस्ताक्षरकर्ता है, जो स्पष्ट रूप से कहता है कि राजनीतिक अधिकारों पर प्रतिबंधों को वैधता, आवश्यकता और आनुपातिकता के परीक्षणों को पूरा करना चाहिए।

एक व्यापक पार्टी प्रतिबंध - राजनीतिक प्रतिबंध का सबसे चरम रूप - केवल तभी उचित ठहराया जा सकता है जब अन्य सभी छोटे प्रतिबंधात्मक साधन स्पष्ट रूप से विफल हो गये हों। राज्य के पास अभी भी शक्तिशाली उपकरण हैं: वह विश्वसनीय रूप से अपराध के आरोपी एएल नेताओं पर मुकदमा चला सकता है, गवाहों और कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान कर सकता है, हिंसक गुटों को भंग कर सकता है और यहां तक कि लक्षित दंड भी लगा सकता है। ये तंत्र न्याय को मजबूत करते हैं।

इस दृष्टिकोण के अनुसार, न्याय की मांग है कि दोषियों को दंडित करें- उन सभी को नहीं जो सीधे तौर पर उनसे जुड़े नहीं हैं। सामूहिक दंड, भले ही धार्मिक कारणों से प्रेरित हो, संक्रमणकालीन न्याय की वैधता को कमजोर करता है। इतिहास से पता चलता है कि पार्टियों को भंग करने से राष्ट्रों में कभी सुधार नहीं होता। यह अक्सर दरारों को और गहरा करता है, शिकायतों को बढ़ाता है, और उन लोगों को शहीद बनाता है जो कभी आरोपी थे।

लेकिन ये तर्क शिक्षित हलकों तक ही सीमित हैं। फिलहाल, एनसीपी और जमात द्वारा अवामी लीग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए एक राजनीतिक माहौल बनाया गया है। इस बात की बहुत कम संभावना है कि चुनाव से पहले इस स्थिति में कोई बदलाव आयेगा। इसे केवल अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप से ही संभव बनाया जा सकता है। केवल अमेरिका ही आने वाले चुनावों में अवामी लीग के लिए कुछ जगह बनाने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। लेकिन अभी तक इस बात का कोई संकेत नहीं हैं कि अमेरिका ऐसा करेगा।

## अमेरिकी दबाव के संदर्भ में पुतिन की महत्वपूर्ण भारत यात्रा

मास्को में 9 मई को हजारों रूसी सैनिकों ने रेड स्क्वायर पर मार्च किया जो द्वितीय विश्व युद्ध में नाज़ी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80 वीं वर्षगांठ पर आयोजित की गई थी। इस मौके पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य विश्व नेता उपस्थित थे। द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गए 2.5 करोड़ से 2.7 करोड़ सोवियत सैनिकों और नागरिकों को यह दिन समर्पित किया गया। भारत की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रतिनिधित्व किया क्योंकि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले और परवर्ती घटनाओं के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल नहीं हो सके।

पहलगाम हमले के बाद पुतिन और मोदी ने फोन पर बातचीत के दौरान भारत-रूस संबंधों को मजबूत करने और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर चर्चा की। पुतिन ने इस बार भारत में दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

अक्टूबर, 2000 में भारत-रूस सामरिक भागीदारी संबंधी घोषणा पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से भारतीय प्रधानमंत्री व रूसी परिसंघ के राष्ट्रपति के बीच शिखर बैठकें होती रही हैं जिनमें दोनों देश सर्वोच्च स्तर पर अपने संबंधों का जायजा लेते हैं और उन्हें दिशा एवं प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। ये दौरे प्रत्येक देश के नेताओं के बीच वैकल्पिक होते हैं। चूंकि मोदी ने पिछले साल जुलाई में रूस का दौरा किया था इसलिए रूसी राष्ट्रपति की अगली यात्रा इस साल कभी भी होने की उम्मीद है।



डॉ. अजय पटनायक

**रणनीतिक साझेदारी प्रारूप में इस वर्ष पुतिन की यात्रा न केवल व्यापार और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बल्कि संघर्ष विराम समझौते के बाद भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों की संभावित भागीदारी के लिए भी जरूरी है। यूरोपीय शांति रक्षकों के बारे में रूस के विरोध को देखते हुए अन्य देशों के लोग मास्को को स्वीकार्य हो सकते हैं। यहां तक कि राष्ट्रसंघ शांति स्थापना के लिए भारत जैसी तटस्थ शक्तियों की आवश्यकता होगी**

फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और राजनयिक अलगाव ने रूस को पश्चिम के बाहर सहभागियों की तलाश करने के लिए मजबूर किया। पुतिन ने ब्रिक्स, एससीओ और जी-20 जैसे मंचों पर नेताओं से मिलने के हर अवसर का उपयोग किया है लेकिन अधिक उपयोगी और सहायक स्टैंड-अलोन द्विपक्षीय बैठकें हैं। रूस ने बहुपक्षीय और द्विपक्षीय दोनों प्रारूपों की कोशिश की है। 2022 में ही सभी पांच मध्य एशियाई नेताओं ने मास्को में 9 मई को आयोजित विजय दिवस परेड में भाग लिया था। इस साल रूस ने जीत की 80वीं वर्षगांठ के लिए भारत और चीन सहित कई अन्य 'मित्र' देशों के नेताओं को आमंत्रित किया।

यूक्रेन में युद्ध के बाद से इस विजय दिवस परेड का रूस के लिए विशेष अर्थ है। यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियानों के मुख्य लक्ष्यों में से एक 'गैर नाज़ीकरण' रहा है। मित्र देशों के नेताओं को निमंत्रण का उद्देश्य केवल रूस की साझेदारी की विश्वसनीयता का प्रदर्शन करना नहीं बल्कि यह संदेश देना भी है कि राष्ट्रवाद की आड़ में फासीवादी अभी भी बहु-जातीय और बहु-सांस्कृतिक देशों को तोड़ने के लिए उपयोग करते हैं। इस तरह उनके खिलाफ लड़ाई अभी भी प्रासंगिक और आवश्यक है।

भारत-रूस संबंध वार्षिक रणनीतिक साझेदारी बैठक का प्रारूप अधिक फलदायी रहा है और दोनों देशों के संबंध इस आधार पर लगातार मजबूत हुए हैं। 2000 के बाद यूक्रेन युद्ध की शुरुआत तक दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व बैठक कर रहे हैं। दो साल के अंतराल के बाद मोदी ने 2024 में रूस का दौरा किया और इस साल पुतिन की यात्रा होने वाली है। जब पुतिन ने वर्ष 2021 में भारत का दौरा किया था तब अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर (आईएएसटीसी) एवं व्लादिवोस्तोक-चेन्नई कॉरिडोर जैसे परिवहन गलियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अगले साल यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में समरकंद (एससीओ बैठक) में बैठक हुई। रूस के हित मुख्य रूप से इस बात पर केंद्रित थे कि मित्र देशों को यूक्रेन पर अपनी स्थिति कैसे समझाई जाए। समरकंद में मोदी ने प्रसिद्ध बयान दिया कि 'अब युद्धों का युग नहीं है'। 2024 में कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन - मोदी बैठक हुई जिसके बाद जुलाई 2024 में 22वें वार्षिक रणनीतिक साझेदारी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। ये बैठकें रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की परवाह किए बिना व्यापार और आर्थिक संबंधों को बनाए रखने में मदद करती हैं। तेल आयात रोकने के पश्चिमी देशों के आह्वान के बावजूद भारत ने रूसी तेल खरीद जारी रखी। भारत ने यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ कभी मतदान नहीं किया है जिसे मास्को द्वारा बहुत सराहा गया।

2025 में दोनों नेताओं की अगली बैठक वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक वातावरण में कुछ प्रमुख बदलावों की पृष्ठभूमि में होगी। राजनीतिक दृष्टि से रूस पर अमेरिका द्वारा यूक्रेन के साथ संघर्ष विराम समझौते तक पहुंचने के लिए दबाव डाला जा रहा है। रूस ने युद्ध समाप्त करने की इच्छा तो दिखाई है लेकिन वह तीन वर्षों में किए गए लाभ की कीमत और यूक्रेन के लिए नाटो सदस्यता के विरोध जैसे अपने अन्य मुख्य सुरक्षा हितों की कीमत पर ऐसा करने के लिए तैयार नहीं है। रूस द्वारा 19-20 अप्रैल को 30 घंटे के घोषित ईस्टर युद्धविराम के बावजूद दोनों देशों के बीच वास्तविक युद्धविराम अभी भी दूर है। रूस द्वारा संघर्ष विराम समझौते में विलम्ब को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति समय-समय पर अधिक टैरिफ लगाने की धमकी देते हैं।

आज अमेरिका के सभी व्यापारिक भागीदारों पर अमेरिकी टैरिफ का खतरा मंडरा रहा है। इसमें भारत भी शामिल है जो नए अमेरिकी प्रशासन के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार और काम करने के बावजूद निश्चित नहीं है कि अमेरिकी नेता की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए भविष्य क्या होगा। सभी देशों को पता है कि रियायतें देने से आगे रियायतों की मांग होगी जो उनकी अर्थव्यवस्थाओं के लिए हानिकारक हो सकती है।

खुद को और अधिक अमेरिकी झटकों से बचाने के लिए भारत व रूस को आपस में तथा अन्य देशों के साथ व्यापार एवं आर्थिक संबंधों का विस्तार करने की जरूरत है। उदाहरण के लिए चीन हाल ही में द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने के लिए वियतनाम, कंबोडिया तथा मलेशिया के साथ बातचीत कर रहा है। भारत व रूस को अपने व्यापार और निवेश संबंधों को मज़बूत करना होगा जिसमें भारतीय कंपनियां रूस के तेल व गैस, फार्मास्यूटिकल्स एवं आईटी क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं जबकि रूसी कंपनियां भारत के ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं। ये सब अमेरिका का विरोध किए बिना किया जाना चाहिए और इसके लिए चतुराई भरी बातचीत और रणनीति की आवश्यकता है।

ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से वैश्विक भू-राजनीतिक, भू-आर्थिक और रणनीतिक संदर्भ बदल गए हैं। रूस अब एक बहिष्कृत देश नहीं है जिसे अमेरिका यूक्रेन पर एक सौदा करने के लिए उलझा रहा है। अमेरिका-ईरान परमाणु समझौते के सिलसिले में चर्चा के लिए मास्को मददगार हो सकता है। रूस के साथ अमेरिका ऊर्जा समझौते भी चाहता है। इस पृष्ठभूमि में पुतिन की नई दिल्ली यात्रा पर वैश्विक ध्यान आकर्षित होगा। चूंकि भारत अमेरिका का भी करीबी है इसलिए अमेरिका नई दिल्ली को संकेत दे सकता है कि वह रूस के साथ बातचीत से क्या चाहते हैं।

रणनीतिक साझेदारी प्रारूप में इस वर्ष पुतिन की यात्रा न केवल व्यापार और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बल्कि संघर्ष विराम समझौते के बाद भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों की संभावित भागीदारी के लिए भी जरूरी है। यूरोपीय शांति रक्षकों के बारे में रूस के विरोध को देखते हुए अन्य देशों के लोग मास्को को स्वीकार्य हो सकते हैं। यहां तक कि राष्ट्रसंघ शांति स्थापना के लिए भारत जैसी तटस्थ शक्तियों की आवश्यकता होगी जो मास्को और कीव दोनों को स्वीकार्य होगा।

हालांकि पुतिन की भारत यात्रा की पुष्टि हो गई है लेकिन तारीखों की घोषणा अभी बाकी है। व्यापार व टैरिफ मुद्दों एवं युद्ध के बाद शांति प्रयासों के लिए मास्को और नई दिल्ली को रणनीतिक रूप से संलग्न होने की जरूरत होगी जो नेताओं की उच्चतम स्तर पर बैठक द्वारा सबसे अच्छी तरह से पूरा होता है। यह पुतिन की आगामी यात्रा को महत्वपूर्ण बनाता है।

**( लेखक सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

## सार-समाचार

### डीएलएड परीक्षा 22 से, उड़न दस्ता दल गठित

**रायसेन, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा संचालित वर्ष 2024-25 की प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोउपाधि पाठ्यक्रम (डीएलएड) नियमित परीक्षा प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम वर्ष का आयोजन रायसेन जिले में 2 परीक्षा केन्द्रों 651001 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायसेन एवं 651004 शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन पर 22 मई से 13 जून तक किया जा रहा है। इन दोनों परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के सफल संचालन के लिए उड़न दस्ता दल गठित किए गए हैं।

परीक्षा केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायसेन के लिए गठित उड़न दस्ता दल में एसडीएम रायसेन मुकेश सिंह तथा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन के लिए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती प्रतिभा शर्मा को शामिल किया गया है।

### टीआई सुनीता बिदुआ ने संभाला पदभार

**बक्सवाहा, देशबन्धु।** शुक्रवार को टीआई सुनीता बिदुआ ने बक्सवाहा थाने में थाना प्रभारी का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने थाने के स्टाफ से परिचय प्राप्त किया और थाने की गतिविधियों की जानकारी ली। पत्रकारों से चर्चा करते हुए टीआई ने नगर में शराब सहित मादक पदार्थों के अवैध कारोबार को सख्ती से रोकने, महिलाओं व कमजोरों को न्याय दिलाने, जनसंवाद के जरिए आमजन को जोड़कर आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए प्रमुखता से काम करने का संकल्प जताया है। बता दें कि टीआई सुनीत बिदुआ जिले के भगवा थाने सहित महिला थाना छतरपुर में उपलब्धिपूर्ण तरीके से काम कर चुकी हैं।

### पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए सौंपी जिम्मेदारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों में 1 जनवरी 2025 की स्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम घोषित करके अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचा.) (स्था.निर्वा.) पार्थ जैसवाल ने बताया जनपद पंचायत बक्सवाहा की ग्राम पंचायत भुजपुरा, बिजावर के अनगौर, देवरा एवं राजनगर के बम्हौरीबहादुर जू, बेड़री, नांद, पीरा और जनपद पंचायत बड़ामलहरा के ग्राम पंचायत कुटौरा, बम्हौरीखुर्द, मवई, हरदौपट्टी, झिंगरी, बरेठी, राजापुर, गरखुवां, महाराजगंज, पनया के लिए मतदाता सूची को पुनरीक्षण किया जाना है। इन पंचायतों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संबंधित एसडीएम एवं सहा. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार को नियुक्त किया गया है। साथ ही सभी पंचायतों में अपील अधिकारी अपर कलेक्टर ही रहेंगे।

### सिविल डिफेंस वालंटियर्स का वविशेष प्रशिक्षण कल

**छतरपुर, देशबन्धु।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर जिला कार्यालय होमगार्ड के सहयोग से सिविल डिफेंस वालंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 18 मई को जिला होमगार्ड कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में हवाई हमले के समय सुरक्षा उपाय, रेड एवं ग्रीन सायरन की जानकारी, ब्लैक आउट में सावधानियां, नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवायें, घायलों को स्ट्रैचर या अन्य तरीकों से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने, आग से बचाव और प्राथमिक उपचार में सीपीआर, ब्लीडिंग रोकने की तकनीक का प्रशिक्षण दिया जायेगा। नेयुके के उपनिदेशक अरविंद सिंह यादव ने समाज सेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, खेल संगठन एवं एनजीओ से प्रशिक्षण में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है। इस बारे में अधिक जानकारी अरविंद सिंह यादव उपनिदेशक के मो. 9425474974 एवं मुहम्मद हारून के मो. 8770509204 से ली जा सकती है।

### नीलगाय से टकराकर युवकों की दर्दनाक मौत

**गढ़ीमलहरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम बारी के पास शुक्रवार की सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में नीलगाय से टकराकर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों और नीलगाय की मौत हो गई है।

# नगर में मच्छरों का प्रकोप, न दवा का छिड़काव न ही हो रही फागिंग, आमजन परेशाान



**सांची , देशबन्धु।** शहर में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप छाया हुआ है, हालत यह है कि मच्छर न दिन में चैन से बैठने देते हैं, न ही रात में सुकून की नींद सोने देते हैं। आलम यह है कि मच्छरों की बढ़ती तादाद के साथ मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। जिसके चलते माता-पिता बच्चों की सेहत के लिए ज्यादा फिक्रमंद हो गए हैं। मच्छरों को मारने और रोकने वाले तमाम साधन बेअसर साबित हो रहे हैं। नगर परिषद की उदासीनता के चलते न तो नियमित रूप से दवा का छिड़काव किया जा रहा है, न हीं फागिंग मशीन के द्वारा नियमित धुएं का छिड़काव किया जा रहा। हालांकि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत यहां स्वच्छता अभियान के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन मच्छर-जनित स्थलों पर कोई प्रभावी कार्य नहीं हुआ। कई स्थानों पर आज भी जलजमाव, कचरे के ढेर और गंदगी का आलम वैसा ही बना हुआ है, जो मच्छरों के पनपने का मुख्य कारण हैं।

नगर में कई रिक्त प्लॉट जलभराव वाले गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। जहां सुअरों की आवाजाही और गंदगी की भरमार मच्छरों की संख्या को और भी बढ़ा रही है। साथ ही नाले नालियों में ठहरे गंदगी भरे पानी भी तादाद बढा रहे हैं ।हालांकि सफाई कर्मी अपने स्तर पर सफाई व्यवस्था बनाने में पीछे नहीं दिखाई देते बावजूद इसके गंदगी खत्म होने का नाम नहीं ले पा रही है जिससे यह समस्या बढती जा रही है

नगरवासियों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि फौरन नगर में फॉगिंग, छिड़काव और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि बढ़ते मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण पाया जा सके। यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो न सिर्फ नगरवासियों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ेगा, बल्कि सांची जैसे ऐतिहासिक स्थल की साख पर भी आंच आ सकती है।

**मेडिकल स्टोर पर हुई गलती से महिला की मौत**

# दांत के दर्द की दवा के बदले दे दी मौत की गोली




### आरोपी मेडिकल संचालक पुलिस हिरासत में

**झाबुआ, देशबंधु।** झाबुआ के एक मेडिकल पर दाढ़ के दर्द की दवा के बदले सल्फास की गोलियां देने के आरोप मृतक महिला के परिजनों ने लगाए हैं। इंडिया मेडिकल स्टोर पर एक महिला दाढ़ के दर्द की दवाई लेने गुरूवार को पहुंची थी। लेकिन घर जाकर दवाई खाने के कुछ ही देर में महिला की मौत हो गई है। घटनाक्रम से नाराज परिजनों ने इंडिया मेडिकल पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी कोतवाली झाबुआ आरसी भास्करे ने बताया कि मृतक महिला का नाम रेखा पति पिंजू है। मृतक महिला झाबुआ से सटे धरमपुरी गांव की रहने वाली है और उसकी उम्र 32 वर्ष के करीब है।

परिजनों का कहना है कि मृतिका रेखा और अन्य लोग जब दाढ़ की दवा लेने आए, तो मेडिकल संचालक ने धान में डालने वाली दवाई दे दी। जिसको खाने के बाद उसे उल्टियां शुरू हो गई और अस्पताल लाने के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद ड्रग इंस्पेक्टर गीतम पठोरिया मौके पर पहुंची और मेडिकल स्टोर को सील कर पंचनामा बनाया। उनका कहना है कि अभी मेडिकल सील कर दिया है। इस तरह की दवाइयों का कितना स्टॉक है और अन्य कौन-सी दवाइयां है, उसकी जांच करेंगे। पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने बताया कि इस मामले में शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है। पूरे मामले में मेडिकल संचालक मनोज बाबेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। इस मामले में दुकान का एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। जिसमें मृतिका रेखा वहां से दवाई लेती हुई दिख भी रही है। मामले की जानकारी के बाद परिजनों सहित आदिवासी संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की मांग करने लगे।

**सल्फास बेचने की अनुमति नहीं:-** जिस सल्फास को खाने महिला की मौत हुई है उसे खुले बाज़ार में बेचने की परमिशन किसी को नहीं होती है। केवल कृषि से संबंधित दवा दुकानों को परमिशन के बाद इस तरह के खतरनाक दवाओं को बेचने की अनुमति दी जाती है। परंतु अधिकांश मेडिकल स्टोर्स पर इस तरह की दवाइयां आसानी से मिल जाती है।

### एक लाइसेंस पर कई मेडिकल दुकानें संचालित

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का ऐसा मकड़जाल बिछा है। जिसमें कम लागत में सर्वाधिक मुनाफा मिलता है। इसलिए जिले के अनेक स्थानों पर एक लाइसेंस लेकर कई दुकानें संचालित भी होती आ रही है। स्वास्थ्य विभाग के साथ सांठ-गांठ के चलते मामले अंदरखाने निपटा दिए जाते है। जब कोई बड़े मामले होते है, तब सब कुछ सामने आता है। मेडिकल संचालकों और वहां काम करने वाले लोगों की क्या योग्यता होनी चाहिए, इस पर संबंधित विभाग को भी इस पर कार्रवाई करना चाहिए।

# शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए 19 से लगेंगे शिविर

**रायसेन, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति तक की अवधि में संभाग और जिला स्तर पर समस्याओं के निराकरण के लिये 19 मई से शिविर लगाने का फैसला किया है। शिविर में किये जाने वाले कार्यो के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किये हैं। शिविर में क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान, वेतन वृद्धि, सेवा अभिलेखों के अपडेटेशन पर विशेष कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही आगामी 3 वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा द्वारा परीक्षण किया जाकर वसूली योग्य प्रकरणों में सेवा से पूर्व वसूली का निर्धारण किया जायेगा। शिविर में पेंशन और अन्य लम्बित स्वतत्वों का निराकरण, अन्य लम्बित अभ्यावेदनों का निराकरण किया जायेगा। जिला और संभागीय कार्यालयों को 30 मई तक समय-सारणी का निर्धारण संबंधित संयुक्त संचालक के मार्गदर्शन में किये जाने के लिये कहा गया है। समय-सारणी की सूचना लोक शिक्षण संचालनालय को दिये जाने के लिये कहा गया है।

# कलेक्टर ने खेत तालाब और गौशाला का किया निरीक्षण



**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा शुक्रवार को मकोडिया और तरावली में निर्माणाधीन खेत तालाब का निरीक्षण किया गया। साथ ही चिकलोदकलां में मधुवन गौशाला का भी निरीक्षण किया। खेत तालाब योजना के तहत निर्माणाधीन तालाबों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विश्वकर्मा ने खेत तालाब के इनलेट और आउटलेट के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही हितग्राही किसान से भी चर्चा की। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने चिकलोदकला में शासकीय मधुवन गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में गौवंश की संख्या, गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण, चारे-पानी की व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम ऊषापुर में जल चौपाल आयोजित



रायसेन, देशबन्धु। जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सिलवानी विकासखण्ड के तहसील स्तर पर चयनित आदर्श ग्राम ऊषापुर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ऊषापुर द्वारा जल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जल स्त्रोतों का महत्व बताते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही घर मे सोख्ते गड्ढे बनाने, मेढ़ बंधान बनाने के लिए प्रेरित किया। जल चौपाल में ग्रामवासियों को जल के महत्व के बारे में बताकर नदी, तालाब, कुएं की साफ-सफाई रखने उनको संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी ग्रामवासियों को जल संरक्षण और संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। जल चौपाल में मप्र जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक, नवांकुर संस्था के सदस्य, प्रस्फूटन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस : जागरुकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**रायसेन, देशबन्धु।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर 16 मई को जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की गई। जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन द्वारा जनसमुदाय को डेंगू के प्रति जागरुकता करने के लिए प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही सभी को शपथ भी दिलाई गई। इसके अतिरिक्त जिला और विकासखण्डों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रियम्बदा गुप्ता, डॉ दिनेश गुप्ता, डॉ राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# दबंगों के आतंक से परिवार बेघर, एसपी से मांगी सुरक्षा

**छतरपुर, देशबन्धु।** बमीठा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते एक परिवार को दबंगों ने मारपीट कर घर से भगा दिया है। पीड़ित परिवार जान से मार डालने के डर से तीन दिन से घर नहीं गया है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने एसपी से न्याय और सुरक्षा की फरियाद की है। पीड़ित जागेश्वर विश्वकर्मा निवासी ग्राम चंद्रनगर ने बताया 13 मई को गांव के दबंगों ने



उसके परिवार को मारपीट कर घर से भगा दिया था। जागेश्वर के मुताबिक, विवाद की जड़ उसका मुख्य सड़क पर स्थित मकान है, जिसे आरोपी तुड़वाना चाहते हैं, क्योंकि उनका मकान इसके पीछे है। मारपीट और जान से मार डालने की धमकियों के कारण परिवार भयभीत है।

# मुआवजे की मांग: ग्रामीणों ने किया हाईवे पर चक्का जाम

**छतरपुर, देशबन्धु।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के उजरा गांव में सागर-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने फोर लाइन सड़क निर्माण के लिए ली जा रही उनकी जमीन और मकानों का उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया है। इससे हाईवे पर वाहनों की कतार लग गई, यातायात प्रभावित हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है हाईवे के फोर लाइन विस्तार के लिए उनकी जमीन और मकान अधिग्रहित किए जा रहे हैं, लेकिन मुआवजे की दरें बेहद कम हैं, जो उनकी आजीविका के लिए नाकाफी हैं। उजरा गांव के किसानों और प्रभावित परिवारों ने सुबह से हाईवे पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मुआवजे की दरों को बढ़ाया जाए और उनकी मांगों पर तत्काल विचार किया जाए। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही गढ़ीमलहरा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

# क्लीनिक को किया सील, क्लीनिक संचालक पर हुई कार्रवाई

**सिलवानी, देशबन्धु।** ब्लॉक में आज ग्राम बाडादेवरी मे संचालित प्रायवेट दवाखाना पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा छापामारी की गई । संचालित दवाखाना मे ऐलोपैथिक दवाईयॉ पायी गई एवं क्लीनिक का पंजीयन भी न होना पाया गया, किसी भी प्रकार की वैद्ध दस्तावेज क्लीनिक संचालक के द्वारा उपलब्ध नही कराये गये । जिस कारण संचालित दवाखाना को तत्काल सील किया गया एवं संचालित दवाखाना के इकराम उददीन पर कार्यवाही की गई । उक्त कार्यवाही मे राजस्व विभाग से नायव तहसीलदार योगेश्वर भारती, स्वास्थ्य विभाग से मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एच.एन.माण्डरे, संजय साहू सहायक ग्रेड-03 हेमंत सराठे सहायक ग्रेड-03 पुष्पेन्द्र रघुवंशी फार्मासिस्ट के द्वारा शासन के दिशा निर्देशानुसार प्रायवेट क्लीनिक पर कार्रवाई की गई।

#### इनका कहना है

- कुछ एलोपैथिक दवाएं पाई गई हैं, वहीं क्लिनिक का पंजीयन भी नहीं था। इसको लेकर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

**डां. एच एन मंडेकर, बीएमआ**
**सिविल हॉस्पिटल**

# 6 शस्त्र धारकों के लायसेंस करने का आदेश

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला दण्डाधिकारी ने एसपी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिले 6 शस्त्र लायसेंस धारकों के शस्त्र लायसेंस निरस्त करने के संबंध में 20 मई को जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। जिनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है उनमें सिटी कोतवाली के अंतर्गत शकील अहमद पुत्र अशफाक खान की भरतल एक नली बंदूक, आसिफ खान पुत्र जमील खान की 12 बोर दो नली बंदूक, मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद इम्तयाज की 315 बोर की रायफल, थाना राजनगर के अंतर्गत हामिद अली पुत्र बाहिद अली निवासी खुशहाली मुहल्ला राजनगर की 12 बोर दो नली बंदूक, हिसाबीलाल पटेल पुत्र परमेश्वरी दयाल पटेल निवासी डिगोनी की 12 बोर दो नली बंदूक और थाना ईशानगर के अंतर्गत ग्राम नदगांयकला के धनुषपाल सिंह पुत्र सरदार सिंह ठाकुर की 12 बोर दो नली बंदूक का लाइसेंस निरस्त किया जाना है।

# निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन में हुए हादसे में भाषा एसोसिएट बिल्डर कंपनी की लापरवाही उजागर

**सिलवानी, देशबन्धु।** हेलीपैड ग्राउंड में 43 करोड़ की लागत से बन रही सीएम राइज स्कूल की नवीन निर्माणाधीन बिल्डिंग में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। निर्माण के दौरान सुरक्षा इंतजामों की घोर अनदेखी के चलते 2 मजदूर भवन से नीचे गिर गए थे, जिसमें एक मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दर्दनाक हादसा 5 जनवरी 2025 को रविवार के दिन दोपहर करीब 3 बजे घटित हुआ, जब निर्माणाधीन भवन का कार्य चल रहा था। इसी दौरान मजदूर लोहे के कॉलम बांधने का कार्य कर रहे थे। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि मजदूरों को कोई भी सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराए गए थे। सुरक्षा उपायों के अभाव में 2 मजदूर — अशरफ मामू पिता माजिद अली (28) और परवेज खान ऊँचाई से नीचे गिर गए। घटना के बाद दोनों मजदूरों को तत्काल सिलवानी सिविल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर हालत में भोपाल के एम्स अस्पताल रेफर किया गया। इलाज



के दौरान अशरफ मामू की मौत हो गई, जबकि परवेज की स्थिति गंभीर बनी रही। स्थानीय नागरिकों ने घटना के लिए निर्माण एजेंसी भाषा एसोसिएट बिल्डर कंपनी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। बताया गया है कि निर्माण एजेंसी द्वारा लगातार मजदूरों से बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम कराया जा रहा है। न तो हेलमेट, न सेफ्टी बेल्ट और न ही कोई अन्य सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

यह कोई पहली शिकायत नहीं है। इससे पहले भी नगर के जागरुक नागरिकों द्वारा निर्माण कार्य में हो रही अनियमितताओं और घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायतें जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक की जा चुकी हैं। बावजूद इसके अब तक न तो एजेंसी के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई और न ही कोई एफआईआर दर्ज की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी को सत्ताधारी दल के मंत्रियों और नेताओं का खुला संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते एजेंसी बेखौफ होकर नियमों की अनदेखी कर रही है। नगरवासियों ने अब निर्माण एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मजदूर की मौत एक और सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए

#### इनका कहना है

पंकज पांडे पुलिस अधीक्षक रायसेन निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन में काम के दौरान मजदूर कि मौत के मामले में मार्ग जांच की जा रही है जांच में कोई दोषी पाया जायेगा तो उस पर साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

#### इनका कहना है

विगत 5 जनवरी दिन रविवार को दोपहर के समय में ड्यूटी पर था सीएम राइज स्कूल भवन से घायल अवस्था में दो गंभीर मजदूर सिविल हॉस्पिटल लाये गया थे जिनका मेरे द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया था वही निर्माण एजेंसी की कर्मचारियों द्वारा दोनों मज़दूरों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल एम्स ले गए थे

**डॉ.एच एन माडरे, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सिविल अस्पताल**

#### इनका कहना है

सिलवानी मे वन रहे सीएम राईज स्कूल निर्माणाधीन भवन में मजदूरों द्वारा काम के दौरान किसी भी मजदूर की कोई मौत नहीं हुई है ना ही कोई मजदूर घायल हुआ है।

**प्रमोद चतुर्वेदी, ठेकेदार, भाषा एसोसिएट निर्माण कंपनी**

## सार समाचार

### विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**सिरोंज, देशबन्धु।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सिरोंज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सिरोंज न्यायालय से अपर जिला सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता के बारे में बताया। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों और उनसे बचाव के बारे में बताया गया। उन्होंने छात्रों से संवाद किया और विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और पैरालीगल वालंटियर समाजसेवी रामबाबू कुशवाह और शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### कलह से टूट रहा था परिवार, थाने में काउंसलिंग कर बिखरने से बचाया



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा महिला थाना प्रभारी को पारिवारिक कलह,विवाद संबंधी आवेदनों पर सक्रियता एवं संवेदनात्मक कार्यवाही करते हुए आवेदक एवं परिजनों को बुलाकर आपसी समन्वय स्थापित करने पारिवारिक काउंसलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि टूटे परिवार को पुन: जोड़ा जा सके ।इसी तारतम्य में महिला थाना में आवेदिका शोभा पति पुष्पेंद्र यादव निवासी प्रेमपुरा थाना बलदेवगढ़ हाल निवाड़ी धर्मपुरा थाना दिगोड़ा द्वारा अपने पति के विरुद्ध परेशान करने का आवेदन दिया थापीड़िता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला थाना से निरी. अनुमेहा गुप्ता द्वारा पीड़िता के पति एवं ससुराल पक्ष को थाने पर बुलवाकर दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उनकी समस्याओं को सुना जाकर उनके मध्य आपसी मनमुटाव को खत्म कर परिवार जोड़ने की उचित सलाह देकर प्रेम पूर्वक साथ में रहने हेतु प्रेरित करने पर दोनों पक्ष पति-पत्नी प्रेम पूर्वक एक दूसरे के साथ रहने के लिए तैयार हुए दोनों के मध्य आपसी विवाद समाप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अनुमेहा गुप्ता , प्रधान आरक्षक अवधेश खटीक, महिला प्रधान आरक्षक नूरी, महिला प्रधान आरक्षक रामसखी द्वारा परिवार जोड़ने में अहम भूमिका रही ।

### ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्कूल बसों की सुरक्षा एवं वैधता को लेकर की गई व्यापक चेकिंग




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा उक्त प्रदेशस्तरीय अभियान में जिले में यात्री बसों एवं स्कूल बसों में सुरक्षा संबंधी जांच करने हेतु ट्रैफिक थाना एवं समस्त थाना ,चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । इसी तारतम्य में गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल एवं सभी थाना प्रभारियों द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्कूल बसों एवं सवारी बसों/वाहनों की चैकिंग की गई ।चेकिंग के दौरान बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट, बैध परमिट, बीमा और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र के साथ ही बसों की भौतिक स्थिति की भी जांच की गई। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा आगे सभी संचालित स्कूल बसों की भी जाँच की जाएगी। जाँच में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित वाहन स्वामियों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विधायक शर्मा ने सिरोंज लटेरी जनपद पंचायत के सीईओ, सीएमओ तथा निशक्तजन कल्याण विभाग के अधिकारियों से सहयोग का आग्रह किया

# विकलांग प्रमाणपत्र न बनने से बैरंग लौटे दिव्यांगों ने की विधायक से मुलाकात



**सिरोंज, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से 120 किलोमीटर दूरस्थ ग्रामीण अंचल ग्राम पंचायत आनंदपुर कस्बे से अपने विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचे करीब एक दर्जन विकलांग दिव्यांगजन हितग्राहियों को जिला चिकित्सालय के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण बैरंग वापस लौटना पड़ा।

भीषण गर्मी में जिला मुख्यालय तक आने जाने से बेहाल हुए छोटे बच्चों सहित बुजुर्ग दिव्यांगजनों ने प्रमाणपत्र न बनने से निराश होकर लौटकर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा से मिलकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया। लटेरी रोड स्थित विश्रामगृह में दिव्यांगजनों एवं उनके सहयोगियों,परिवारजनों से उनकी पीड़ा जानने से उपरांत विधायक उमाकांत शर्मा ने जिले सिविल सर्जन अधिकारी,सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग के जिलाधिकारी से चर्चा कर दिव्यांगजनों के गुरुवार के शिविर में समय पर सभी स्वास्थ्य परीक्षण आदि सभी कार्यवाही होने के लिए दूरभाष पर चर्चा की एवं उनकी पीड़ा से अवगत कराया। उन्होंने स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी को भी मौके पर बुलाकर जिला मुख्यालय से दूरस्थ क्षेत्र के दिव्यांगों की पीड़ा से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराते हुए मिलवाया।

उन्होंने सभी दिव्यांगजनों को भी शीघ्र अति शीघ्र नियमानुसार सकारात्मक कार्यवाही कराने हेतु आश्वस्त किया।

विधायक शर्मा ने सिरोंज लटेरी जनपद पंचायत के सीईओ, सीएमओ तथा निशक्तजन कल्याण विभाग के अधिकारियों से भी सिरोंज-लटेरी से सहयोग का आग्रह किया है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को जनचेतना मंच के अध्यक्ष गोवर्धन तथा समाजसेवी धर्मेन्द्र पाटीदार अपने साथ लगभग 11 दिव्यांग महिला पुरुष एवं बच्चों को लेकर विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने जिला चिकित्सालय गए थे, किंतु वहां उत्तरदायी चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी की अनुपस्थिति के कारण दिव्यांगजनों की सुनवाई नहीं हो सकी।

## रजिस्ट्री कराने आए युवक पर जानलेवा हमला



**सिरोंज, देशबन्धु।** शुक्रवार को तहसील परिसर के सामने भोपाल रोड पर छुरीबाजी घटना हो गई। जानकारी के अनुसार फरियादी असद खान रजिस्ट्री कराने तहसील आया था।

पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी जिबरान एवं मुद्ददीर द्वारा असद की कार का कांच फोड़कर उस पर छुरियों से हमला कर दिया। फरियादी असद कार से निकलकर जान बचाने के लिए न्यायालय परिसर में भागा और वहां स्थित थाना प्रभारी ने उसे पुलिस की गाड़ी बुलाकर उपचार के लिए राजीव गांधी चिकित्सालय पहुंचाया। असद ने पुलिस को बताया कि जिबरान की मां और मुद्ददीर की बहन मेरे साथ रह रही हैं। इसी बात को लेकर उन्होंने मुझ पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

## आज शहरवासी तिरंगा यात्रा निकाल सेना के प्रति जताएंगे कृतज्ञता



**सीहोर, देशबन्धु।** शनिवार को शहर के टाउन हाल में समस्त क्षेत्रवासियों आपरेशन सिंदूर की सफलता पर विशाल तिरंगा यात्रा शाम चार बजे निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा शहर के बस स्टैंड के पास टाउन हाल से अटल चौक तक जाएगी। शुक्रवार को यात्रा की तैयारियों को लेकर पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे, उद्धवदास महाराज, मोहित राम पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के अलावा शहर के सभी समाज के अध्यक्ष एवं अन्य संगठन ने पूरी एकजुटता के साथ भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होने का निर्णय लिया। देश के वीर सपूत हमारे सम्मानित सैनिकों के सम्मान में आयोजित होने वाली विशाल तिरंगा यात्रा को लेकर सर्व समाज के नागरिकजनों के साथ परिसर हाल में बैठक कर चर्चाएं की।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि यह तिरंगा यात्रा आम जनमानस द्वारा शहर में निकाली जा रही है मेरा आप सभी शहरवासियो से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाएं। उक्त तिरंगा यात्रा सभी शहरवासियों के द्वारा सेना के सम्मान में और आपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर निकाली जा रही है।

# जीव और ईश्वर का विशुद्ध मिलन ही रासलीला का स्वरूप - श्रीकृष्ण चंद्र ठाकुर





**गंज बासौदा, देशबन्धु।** गंज हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के छंटवे दिन कथा व्यास श्री कृष्ण चंद्र ठाकुर जी महाराज ने बताया कि जीव और ईश्वर का विशुद्ध मिलन ही रासलीला का स्वरूप है। भगवान श्री कृष्ण ने अपनी ही अंशभूत असंख्य गोपियों के साथ महारास लीला की। किसी भौतिक शरीर धारण गोपियों के साथ रास नहीं हुआ।

भगवान श्री कृष्ण ने यमुना के तट पर जाकर योग माया का आश्रय लेकर असंख्य गोपियों के साथ महारास की लीला की थी। यह गोपियां साधन सिद्धा, योग सिद्धा, वरदान सिद्धा थी जिनको भगवान ने पूर्व में वरदान दिया था। गोपियों में कुछ त्रृचा रूपा थी, कुछ ऋषि रूपा थीं। ऐसी गोपियों के साथ महारास लीला कर, पूर्व प्रदत्त वरदान को पूर्ण किया।

ठाकुर जी ने कहा कि महारास लीला प्रसंग श्रवण करने से हृदय से काम वासना सदैव के लिए नष्ट हो जाती है।

कृष्ण रूक्मणी विवाह का बड़ा ही मनोहारी रोचक प्रसंग श्रवण कराते हुए कहा कि रूक्मणी साक्षात लक्ष्मी हैं और कृष्ण साक्षात नारायण। लक्ष्मी सदैव नारायण को प्राप्त होती हैं किसी सांसारिक जीवन को नहीं।

भगवान कृष्ण के सोलह हजार एक सौ अब विवाहों का वर्णन करते हुए कहा आध्यात्मिक भाव स्पष्ट किया कि आठ प्रकार की प्रकृति ही भगवान की अष्ट पटरानी हैं। वेद के सोलह हजार मंत्र, जो भगवत प्राप्ति का मार्ग बताते हैं, वे ही सोलह हजार पत्नियां बनीं। हमारे सौ उपनिषद भी भगवान कृष्ण की सौ रानियां बने। इस प्रकार भगवान कृष्ण के सोलह हजार एक सौ आठ विवाहों का आध्यात्मिक भाव स्पष्ट किया।

### रूक्मणी विवाह से बना महारास सा माहौल

कथा के उत्तरार्ध में ठाकुर जी ने भगवान श्री कृष्ण और रूक्मणी जी के विवाह प्रसंग का सरस वर्णन किया। कथा व्यास जी और वृंदावन से आए संगीतकारों ने विवाह के मंगल- मंगल गीत गाए तो उपस्थित श्रद्धालु और श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे और भावपूर्ण होकर नृत्य करने लगे। पूरा पंडाल, खड़े होकर भाव भक्ति में विभोर हो गया। कथा पंडाल में महारास सा वातावरण बन गया। आज शनिवार को भागवत कथा का अंतिम दिन होगा जिसमें सुदामा चरित्र, संपूर्ण भागवत का सार, भगवान के स्वधाम तथा शुकदेव जी की विदाई की कथा कही जाएगी।

कथा में गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी जी महाराज, नौलखी खालसा श्री महंत श्री राममनोहर दास जी महाराज, शमशाबाद रामदेव मंदिर से गौरीशंकर महाराज, वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज बासौदा रामदेव मंदिर के हरिनारायण पाठक, कथावाचक अभिषेक कृष्ण शास्त्री, कथावाचक देवेंद्र भार्गव, विहिप के पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश तिवारी उपस्थित रहे।

# देखरेख की आवश्यकता वाले बच्चों का निरंतर किया जाए फॉलोअप : कलेक्टर



**सीहोर, देशबन्धु।** कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए, कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने पीएम मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पोषण योजना, पीएम केयर फार चिल्ड्रन योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाला आर्शीवाद योजना, स्पॉनसरशिप एवं फास्टर केयर, मिशन वात्सल्य, मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम सहित सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भी संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी में दर्ज गर्भवती धात्री महिलाओं को टेक होम राशन देने में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को शत प्रतिशत गर्म पका हुआ भोजन प्रदाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी टीएचआर हितग्राहियों की ईकेवाईसी कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को दुबलेपन, कम वजन एवं कुपोषण से बचाने के लिए तथा सभी बच्चों को सामान्य पोषण स्तर में लाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए। इसके साथ ही कुपोषण स्थिति से ठीक होकर सामान्य स्तर में आने वाले बच्चों की माताओं को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाये।

## अवैध कब्जा हटाने के साथ ही अतिक्रमणकारियों से वसूला जा रहा जुर्माना



**आष्टा, देशबन्धु।** दो दिन पहले अतिक्रमण एवं सफाई को लेकर हुई मींटिंग में एसडीएम श्रीमति स्वाति उपाध्याय मिश्रा की नाराजगी के बाद सीएमओ राजेश सक्सेना अब यकीन के साथ नगर में अतिक्रमण हटानें मं जुटे हुए हैं। पहले दिन सेमनरी रोड़ की नालियों पर से अतिक्रमण हटाया वहीं नालियां की भी सफाई की। दूसरे दिन कन्नौद रोड़ कृषि उपज मंडी के सामने अतिक्रमण हटाया गया। इस बीच सीएमओ और अतिक्रमणकारियों के बीच बहस भी हुई। सीएमओ राजेश सक्सेना ने चार दुकानदारों से 2800 रूपये का जुर्माना भी वसूला। नगर में यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नगर में अभी भी दर्जनों जगह अतिक्रमण बरकरार है। सबसे बड़ी समस्या सब्जी मंडी में हैं। जहां दुकानदार आधी सड़क पर सब्जीयां बेचते हैं। आने जाने वाले राहगीर दुकानदारों से कुछ बोलते हैं तो विवाद की स्थिती उत्पन्न हो जाती है। साथ ही मंडी में जाम लग जाता है। सबसे ज्यादा असुविधा स्कूली बच्चों को होती है क्युकिं अधिकांश स्कूलों का समय सुबह का होता है।

# विद्यार्थी परिषद ने कन्या शाला प्राचार्य के नाम दिया ज्ञापन



**आष्टा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय के प्राचार्य को सौपे गए एक ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि 12वीं की 6 छात्राओं के गणित के प्रैक्टिकल अंक परीक्षा परिणाम में नहीं दर्ज करने के कारण उन्हें जीरो अंक प्राप्त हुए हैं ।इस कारण से उनका परीक्षा परिणाम असफल आया है। इस घोर लापरवाही इन छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। जिन छात्राओं के अंक नही जोड़े गये है वे सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुई है। उक्त विषय को संज्ञान में लिया जाये एवं पोर्टल पर उनके अंक दर्ज करवाये जाये। इस घोर लापरवाही में जो भी शासकीय कर्मचारी जवाबदार है उन पर भी उचित कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर ज्ञापन सौपे जाने के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजत सोनी,नगर सह मंत्री सुमित बगाना,दीपक जैन,विकास डाबी,पवन मेवाड़,सौरभ जैन आदि मौजूद रहे।

## समाज के अध्यक्ष जायसवाल का हुआ स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** मानस भवन के पास जायसवाल समाज अध्यक्ष बनने पर सकल हिन्दू समाज अध्यक्ष गणों ने,नवनियुक्त अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल का सकल हिन्दू समाज की ओर से नामदेव समाज अध्यक्ष मुकेश नामदेव, कुशवाहा समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाहा,मनीष डोंगरे,यादव समाज अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ,मालवीय समाज अध्यक्ष रमेश बाबू मालवीय,शरद माहेश्वरी द्वारा, श्री जायसवाल का साफा बांधकर पुष्पमाला से एवं मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया। सभी अध्यक्ष गणों ने समाज हित में कार्य करने की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी। श्री जायसवाल ने सभी को धन्यवाद देते हुए,आभार प्रकट किया। एवं आश्वस्त किया कि,उन्हें जो जवाबदेही समाज ने सौंपी है ।उस पर वे समाज सेवा करते हुए,खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे।

संस्कृत भाषा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को स्मार्ट क्लास के माध्यम से बताया गया

# ग्रीष्मकालीन शिविर में विद्यार्थियों को दिया संस्कृत का ज्ञान



**आष्टा, देशबन्धु।** सांदीपनि सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि में 01 मई से 20 मई तक समर कैम्प का आयोजन प्रात: 07 बजे किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार सांदीपनि सी.एम. राइज़ विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश का सद्उपयोग के उद्देश्य से समर कैम्प में विद्यार्थियों को भाषा ज्ञान एवं शिक्षण की गतिविधियों हेतु विशेष सत्र 16 मई से 21 मई के मध्य स्थानीय भाषा के अतिरिक्त अन्य भाषा देववाणी संस्कृत का संस्कृत भाषा के शिक्षक धीरज शर्मा द्वारा दिया गया।

संस्था के शिक्षक अंत्येश धारवां द्वारा बताया गया कि इस वर्ष शासन द्वारा समर कैम्प में भाषा ज्ञान शिक्षण की गतिविधियों को भी समर कैम्प में शामिल किया गया है। शिक्षक धीरज शर्मा ने बताया कि संस्कृत भाषा ज्ञान एवं शिक्षण की गतिविधियों में संस्कृत भाषा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को स्मार्ट क्लास के माध्यम से बताया गया एवं संस्कृत भाषा में किस प्रकार हमें अभिवादन करना, लिखना बताया गया।

समर कैम्प में प्रतिदिन विद्यार्थी खेलकूद, चित्रकला, गायन वादन, संगीत, कम्प्यूटर कक्षा, स्पोकन इंग्लिश के साथ साथ देववाणी संस्कृत भाषा का ज्ञान एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के संबंध में प्रतिदिन संस्कृत भाषा के शिक्षा विद द्वारा दिया जा रहा है।

समर कैम्प के नोडल अधिकारी सतीश वर्मा द्वारा बताया गया कि संस्था प्राचार्य सितवत खान के मार्गदर्शन में प्रतिदिन समर कैम्प में क्रीड़ा प्रभारी कुमारी संगीता ठाकुर द्वारा स्थानीय खेलकूद, प्राणायाम, योगाभ्यास एवं शारीरिक गतिविधियां करवाई जा रही है। समर कैम्प में संगीत एवं गायन वादन प्रभारी श्रीराम श्रीवादी द्वारा विद्यार्थियों को चित्रकलां, आर्ट एंड क्राफ्ट एवं विद्यार्थियों को संगीत का अभ्यास कराया जा रहा है। विद्यार्थियों को समर कैम्प में शारीरिक गतिविधियों के अतिरिक्त कम्प्यूटर उपकरण एवं उससे जूड़ी तकनीकि शिक्षा का ज्ञान संस्था के आई.टी. शिक्षक आशीष विश्वकर्मा द्वारा दिया जा रहा है।

समर कैम्प में विद्यालय के शिक्षक अंत्येश धारवां, सतीश वर्मा, धीरज शर्मा, राजीव सारसिया, विजय अडगले, दिनेश गहरवाल, संतोष कुमार सिंगारिया आदि का विशेष योगदान रहा।

# खेल जगत

## विल जैक्स भारत लौटे



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के फिर से शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला, जब इंग्लैंड के विल जैक्स ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की, जिसमें उन्हें भारत वापस जाने के लिए उड़ान भरते हुए दिखाया गया। इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में, जैक्स ने एक विशेष पोस्ट शेयर की, जिसमें उनका बोर्डिंग पास, भारतीय तिरंगे का इमोजी और बैक एरो दिखाया गया। एमआई के अभियान में लगातार उपस्थिति रखने वाले जैक्स ने उनके पहले 12 मैचों में से 11 में भाग लिया, नौ पारियों में 195 रन बनाए और अपनी ऑफ-स्पिन के जरिए पांच विकेट लिए। उनका प्रभाव उल्लेखनीय रहा है, उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ महत्वपूर्ण घरेलू जीत में प्लेयर-ऑफ-द-मैच का सम्मान अर्जित किया, जिससे टीम में एक भरोसेमंद ऑलराउंडर के रूप में उनकी अहमियत का पता चलता है।

# आरसीबी की नजर प्लेऑफ पर, केकेआर के लिए होगी आर पार की जंग

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





- ■ सभी निगाहें टेस्ट को अलविदा कहने वाले विराट पर रहेंगी
- ■ केकेआर के पास आरसीबी से हिसाब चुकाने का मौका

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच शनिवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी मैदान पर पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ भारत के सरहद पर ऑपरेशन 'सिंदूर' के चलते 2025 आईपीएल के बीते हफ्ते स्थगित किए जाने के बाद फिर से शुरू हो जाएगी। मैदान पर आने वाले हर क्रिकेट प्रेमी की निगाहें हाल ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह सभी को चौंकाने वाले भारत के इस फॉर्मेट के सबसे बेहतरीन क्रिकेटरों में से एक आरसीबी के विराट कोहली पर रहेंगी। जब आरसीबी और केकेआर की टीमें बृहस्पतिवार को नेटस सेशन के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आई तो क्रिकेट प्रेमियों के साथ उनके टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए लंबे समय तक साथी रहे केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे और उपकप्तान वेंकटेश अय्यर सहित हर कोई विराट कोहली की एक झलक पाने को बेताब दिखा। विराट कोहली एकदम सहज होकर जिस तरह नेटस पर अभ्यास करते दिखे उससे एक बात तो साफ है कि वह अपनी आरसीबी को उसके अब तक आईपीएल खिताब न जीत पाने के अधूरे सपने को 2025 में पूरा करने को बेताब हैं। आरसीबी के शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस की तरह 11 मैचों में समान रूप से आठ जीत के साथ 16 अंक हैं लेकिन अपनी कमतर नेट रन रेट के चलते अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। आरसीबी अब शनिवार को केकेआर के खिलाफ रिटर्न मैच में भी जीत के साथ प्ले ऑफ में स्थान पक्का करना उतरेगी। आरसीबी 16 अंकों के साथ भी शीर्ष चार में जगह बना सकती है । आरसीबी यदि अपने केकेआर के मैच सहित एसआरएच और एलएसजी के मैचों में दो भी जीतती है तो भी उसका शीर्ष दो में स्थान पक्का नहीं क्योंकि गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स 20 या इससे ज्यादा अंकों पर लीग का समापन कर सकती है।

### पाटीदार फिर से बल्लेबाजी करने के बाद अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं : बोबट

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने कहा कि कप्तान रजत पाटीदार उंगली की चोट से उबरने के बाद अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने फिर से बल्लेबाजी शुरू कर दी है, जबकि जोश हेजलवुड के लिए उनकी उम्मीदें बनी हुई हैं, जो कंधे की चोट से उबरने के लिए दिन-प्रतिदिन बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। आरसीबी 11 मैचों में आठ जीत हासिल करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ में प्रवेश करने के लिए तैयार है, और अंतिम चार चरण में अपनी जगह पक्की करने के लिए उसे बस एक और जीत की जरूरत है। आरसीबी शनिवार को अपने घरेलू मैदान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल 2025 अभियान फिर से शुरू करेगी। रजत का खेल अच्छा चल रहा है। उसके हाथ में चोट लगी थी, लेकिन वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है। उसके लिए व्यक्तिगत रूप से, शायद व्यवधान ने उसे कुछ और दिन दिए ताकि वह शुरुआती उपचार से गुजर सके, और सूजन कम हो सके, और उसे फिर से बल्लेबाजी करने की आदत हो सके।

### विराट ने कहा कि तुमने कप्तानी को अर्जित किया है और इससे मैं शांत हो गया : पाटीदार

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने उस अवास्तविक पल को याद किया जब विराट कोहली ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले फ्रेंचाइजी की कप्तानी सौंपी और कहा कि उन्हें नहीं पता था कि इस स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया करनी है, फिर कोहली ने उन्हें शांत करते हुए कहा कि तुम इसके लायक हो, तुमने इसे अर्जित किया है। आरसीबी पॉडकास्ट पर बोलते हुए, 31 वर्षीय पाटीदार ने आरसीबी प्रबंधन से पूर्व आश्वासन के बावजूद 2022 आईपीएल मेगा नीलामी में खारिज होने से लेकर एक ऐसी फ्रेंचाइजी के लीडर बनने तक की अपनी यात्रा पर विचार किया, जो अभी भी अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में है। 2022 में, पाटीदार को चुपचाप विश्वास था कि उन्हें मेगा नीलामी में चुना जाएगा। पाटीदार ने आरसीबी पॉडकास्ट पर कहा कि मुझे एक संदेश मिला था कि आप तैयार रहें... कि हम आपको चुनेंगे।

# स्टार्क आईपीएल 2025 के बाकी मैचों के लिए दिल्ली कैपिटल्स से नहीं जुड़ेंगे

## चोटिल मयंक यादव फिर बाहर, लखनऊ सुपर जायंटस ने विल रुक को जोड़ा

■ मिचेल स्टार्क दिल्ली कैपिटल्स के लिए 11 मैचों में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज



**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स का मैच आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर के चलते धर्मशाला में अधूरा समाप्त घोषित किए जाने के साथ 2025 आईपीएल के स्थगित होने पर स्वदेश लौट गए थे। अब स्टार्क ने दिल्ली कैपिटल्स को सूचित किया है कि वह अब शनिवार से आईपीएल के आगे शुरू होने पर बाकी लीग मैचों खेलने के लिए भारत नहीं आएंगे। स्टार्क अपने साथी आरसीबी के लिए खेलने वाले जोश हेजलवुड (10 मैच 18,विकेट) की तरह अपनी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए 11 मैचों में सबसे ज्यादा 14 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। वहीं ट्रस्टन स्टब्ज केवल लीग बाकी लीग मैचों के लिए दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे और 27 मई को वापस दक्षिण अफ्रीका लौट जाएंगे। स्टार्क ऑस्ट्रेलिया की और स्टब्ज दक्षिण अफ्रीका की 11 जून को लॉर्डस में खेले जाने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपने अपने देश की टीमों में चुन गए हैं।

साथ ही दक्षिण अफ्रीका के फाफ डू प्लेसी के भी दिल्ली कैपिटल्स टीम से वापस जुड़ने को लेकर कोई खबर नहीं है Kऑस्ट्रेलिया के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस और ट्रेविज हेड अब प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल के बाकी लीग मैच खेलने भारत वापस आएंगे जबकि पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले जोस इंग्लिश ने अभी वापस आने की बाबत तय नहीं किया जबकि मिचेल मार्श अब लगभग बाहर हो चुकी लखनउ सुपर जायंटस के लिए आईपीएल के बाकी मैच खेलने जरूर उससे जुड़ेंगे। लखनउ सुपर जायंटस के भारत के तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ में एक और चोट के चलते अब बाकी आईपीएल से एक बार फिर हो गए हैं। मयंक ने लखनउ सुपर जायंटस के लिए मौजूदा सीजन में मात्र दो मैच मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले और इसके बाद आईपीएल सरहद पर भारत - पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते स्थगित कर दी गई। मयंक की जगह बाकी आईपीएल के लखनउ सुपर जायंटस ने न्यूजीलैंड के विल ओ रुक को अपनी टीम से तीन करोड़ रुपये में जोड़ा है। वहीं पंजाब किंग्स ने चोट के चलते चार मैच खेल पांच विकेट ले बाहर होने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्गुसन की जगह उन्हीं के देश के काइल जेमीसन को दो करोड़ रुपये में टीम से जोड़ा है।

## फडणवीस ने किया वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड का उद्घाटन

**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम वाले स्टैंड का उद्घाटन किया। हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के दिवेचा पवेलियन लेवल-3 का नाम अब रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। इस नामकरण के तहत रोहित शर्मा के शानदार क्रिकेट करियर को सम्मानित किया गया है। समारोह में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार और अन्य गणमान्य



व्यक्ति में मौजूद थे। इस अवसर पर रोहित परिवार के साथ वहां मौजूद थे। भावुक रोहित शर्मा ने कहा की यह एक अविश्वसनीय पल है उन्होंने इस बारे में कभी अपने सपने में भी नहीं सोचा था। इतने सारे लोगों के सामने इस बड़े सम्मान को पाना सुखद है। इस के साथ रोहित शर्मा अब क्रिकेट के उन दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं जिनके नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड बने हैं। इन खिलाड़ियों में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट शामिल हैं।

## बुमराह को आराम की जरूरत होगी तो गिल हो सकते हैं टेस्ट कप्तान : जाफर

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में किसे नियुक्त किया जाना चाहिए, इस पर बहस के बीच, पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा कि जब भी जसप्रीत बुमराह को आराम की जरूरत होगी, शुभमन गिल को इंग्लैंड के आगामी दौरे पर टेस्ट टीम का नेतृत्व करना चाहिए।

रोहित शर्मा ने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट से संन्यास की घोषणा की, गिल को 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में नई-नवेली भारतीय टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे आगे देखा जा रहा है। भारत ने 2007 के दौरे के बाद इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, जहां उन्होंने राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में 1-0 से जीत हासिल की थी। भारत के लिए 31 टेस्ट मैच खेलने वाले जाफर ने शुक्रवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, मुझे लगता है कि बुमराह कप्तानी के लिए एकदम सही विकल्प हैं, जब तक कि वह जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। उन्हें कप्तान होना चाहिए और गिल को उप कप्तान बनाया जाना चाहिए - जब भी बुमराह को आराम की जरूरत हो, तो उन्हें जिम्मेदारी



लेनी चाहिए। इस तरह गिल को पूर्णकालिक कप्तान होने के दबाव के बिना तैयार किया जा सकता है। गिल के अलावा, जो वर्तमान में आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के कप्तान हैं और बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी भारत के अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में हैं। बुमराह ने तीन टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की है और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में पर्थ टेस्ट जीतने के समय भी वह कप्तान थे। लेकिन उनकी फिटनेस समस्याओं का मतलब है कि बुमराह का इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट खेलना अभी भी तय नहीं है।सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अंतिम टेस्ट के दौरान बुमराह को पीठ में चोट लग गई थी और उन्होंने दूसरी पारी में बिल्कुल भी गेंदबाजी नहीं की थी।

### अगर मैं कोच होता तो रोहित सिडनी टेस्ट खेलता : शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि वह सुनिश्चित करते कि रोहित शर्मा, जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, इस साल की शुरुआत में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के लिए मैदान पर उतरे। पिछले हफ्ते, रोहित ने 67 मैचों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाकर अपना टेस्ट क्रिकेट समाप्त किया, जिसमें 12 शतक और 212 का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। 2022 से भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में, रोहित ने 24 टेस्ट में टीम का नेतृत्व किया और 12 मौकों पर जीत हासिल की, जिसमें 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उपविजेता बनना भी शामिल है। लेकिन पिछले साल सितंबर से खराब फॉर्म का मतलब था कि रोहित का टेस्ट करियर मुश्किल स्थिति में था। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में रोहित केवल एक बार 50 रन का आंकड़ा पार कर पाए, जबकि उनका औसत केवल 10.93 रहा।अपने बेटे के जन्म के कारण पर्थ में पहला टेस्ट मिस करने के बाद, रोहित अगले तीन टेस्ट में खेलने के लिए वापस आए, लेकिन केवल 31 रन बनाए।

## सार संक्षेप

### पूवन्ना की नजर भारत के लिए सीनियर पदार्पण करने पर

**बेंगलुरु।** 2023 में भारतीय जूनियर टीम के साथ कुछ समय बिताने के बाद, पूवन्ना चंदुरा बॉबी अब एफआईएच हॉकी प्रो लीग लेग के यूरोपीय चरण से पहले सीनियर कोर ग्रुप के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं। 22 वर्षीय पूवन्ना वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र में वरिष्ठ राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा हैं और उन्होंने 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाई है। जूनियर टीम के साथ, पूवन्ना ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने क्रमशः 2022 और 2023 सुल्तान ऑफ जौहर कप में स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। वह 2023 में पुरुषों की जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे और अगस्त 2024 में सीनियर राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए। शिविर में प्रशिक्षण के अपने अनुभव के बारे में पूवन्ना ने कहा कि मैंने 2023 में जूनियर टीम के लिए खेला है और अब सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण ले रहा हूं, मुझे उनके और हमारे बीच बहुत अंतर दिखाई देता है। उस स्तर तक पहुंचने के लिए हमें बहुत मेहनत करनी होगी।

### पाओलिनी और गॉफ के बीच होगी इटैलियन ओपन में खिताबी भिड़ंत

**रोम।** इटली की स्टार टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी और अमेरिका की कोको गॉफ शनिवार को इटैलियन ओपन में महिला एकल के फाइनल में भिड़ेंगी। पाओलिनी ने गुरुवार को महिला एकल में पीटन स्टर्न्स के खिलाफ 7-5, 6-1 की जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। वह इस जीत के साथ ही 2014 के बाद इस टूर्नामेंट के एकल के फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली महिला बन गई हैं। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी को शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा और ओपनर में 5-3 से पिछड़ने पर उन्हें सेट प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन गॉफ सर्विस नहीं बचा पाईं। पाओलिनी ने घरेलु दर्शकों के बीच पहले सेट में बढ़त बनाकर आत्मविश्वास हासिल किया और दूसरे सेट में दबदबा बनाया। पाओलिनी ने गॉफ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।

### बंगाल वारियर्स ने नवीन को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त

**मुम्बई।** बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग के अगले सीजन के लिए नवीन कुमार को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी नवीन कुमार का एथलीट और कोच दोनों का अच्छा खासा अनुभव है। फ्रैचाइची का मानना है कि उनकी जानकारी, जीतने की मानसिकता और जूझारू क्षमता वॉरियर्स के लिए फायदेमंद होगी। बंगाल वॉरियर्स के नए कोच नवीन कुमार का खेल में शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने 10वें दक्षिण एशियाई खेलों (2006), 15वें एशियाई खेलों (2006), दूसरे विश्वकप (2007) और दूसरे इनडोर एशियाई खेलों (2007) सहित कई टूर्नामेंटों में स्वर्ण पदक जीते हैं।

## प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 31 मई और 1 जून को



**मुंबई,** 16 मई (एजेंसियां)। मशाल स्पोर्ट्स ने घोषणा की है कि प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की के लिए खिलाड़ियों की नीलामी का आयोजन 31 मई और 1 जून 2025 को मुंबई में किया जाएगा। यह बहुप्रतीक्षित आयोजन पीकेएल सीजन 11 की रोमांचक समाप्ति के बाद हो रहा है, जहां हरियाणा स्टीलर्स ने पहली बार खिताब जीतने के लिए तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स को 29 दिसंबर 2024 को हुए फाइनल मुकाबले में हराया था। 2014 में शुरुआत के बाद से अब तक के 11 सीजनों में 8 अलग-अलग टीमों ने चैंपियनशिप जीती है। सीजन 11 जो कि 18 अक्टूबर से 29 दिसंबर 2024 तक खेला गया, एक अहम मोड़ था क्योंकि इसके साथ पीकेएल ने अपने दूसरे दशक में प्रवेश किया था और इससे यह बात और पुख्ता हुई कि पीकेएल भारत की प्रमुख खेल लीगों में से एक बन चुकी है, जिसने देश और दुनिया भर में कबड्डी के प्रति रुचि और विकास को निरंतर बनाए रखा है।सीजन 12 के लिए होने वाली खिलाड़ियों की यह नीलामी एक बार फिर टीमों की रणनीति, संकल्प और खिताब जीतने की महत्वाकांक्षा को दर्शाने का मंच बनेगी। यह आयोजन न केवल भारत के पारंपरिक खेल कबड्डी में मौजूद वैश्विक प्रतिभा को दिखाने का मौका देगा, बल्कि आने वाले सीजन के लिए टीमों के गठन की नींव भी रखेगा। इस अवसर पर मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के चेयरमैन, अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हम पीकेएल सीजन 12 की प्लेयर नीलामी की तारीखों की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं।

### हरियाणा ने कुश्ती में शीर्ष स्थान हासिल किया

**पटना,** 16 मई (एजेंसियां)। हरियाणा ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) 2025 बिहार में कुश्ती के मैदान पर अपना दबदबा कायम करते हुए लड़कों और लड़कियों की श्रेणियों में 21 पदक - आठ स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य - जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र चार स्वर्ण सहित 17 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि दिल्ली के लड़के और राजस्थान की लड़कियां अपने-अपने वर्गों में शीर्ष तीन में रहीं। महाराष्ट्र ने अंतिम दिन जोरदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक सहित सात पदक जीते। आयुष्का पांडुरंग ने लड़कियों के 57 किग्रा वर्ग का खिताब जीता, उसके बाद सुजय नागनाथ तनपुरे ने लड़कों के 71 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में जीत हासिल की। दिल्ली और राजस्थान ने भी दो-दो स्वर्ण पदक जीते। दिल्ली की अक्षरा ने कर्नाटक की काव्या तुकाराम दानवेनावर को हराकर अंडर-17 लड़कियों के 53 किग्रा वर्ग का फाइनल जीता, जबकि प्रांजल दहिया ने महाराष्ट्र के रुशिकेश एकनाथ नाइक को हराकर लड़कों के 60 किग्रा ग्रीको-रोमन का खिताब जीता।

## एफसी बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को हराकर अपना 28वां ला लीगा खिताब जीता

**बार्सिलोना,** 16 मई (एजेंसियां)। एफसी बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर 28वीं बार ला लीगा खिताब जीता है। ला लीगा का ताज अब स्पेनिश सुपर कप और कोपा डेल रे के साथ जुड़ सकता है। 2024-25 सीजन बार्सिलोना के लिए यादगार साबित हो रहा है। 28वीं बार ला लीगा खिताब जीतने से पहले टीम ने अपना 32वां कोपा डेल रे और स्पेनिश सुपर कप भी जीता था। बार्सिलोना ने अपने घर में शानदार प्रदर्शन किया। मैच के 53वें मिनट में लैमिन यामल ने एक शानदार गोल दागा इसके बाद इंजरी टाइम के आखिरी सेकंड में फर्मिन लोपेज ने दूसरा गोल कर टीम की मैच पर पकड़ मजबूत कर दी जो बाद में निर्णायक साबित हुई। लैमिन यामल का गोल बेहतरीन और दर्शनीय था, जब उन्होंने दूर कोने में एक



शॉट लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में भेजा था। एस्पेनयोल के डिफेंडर लुइस कैबरेरा को मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले बाहर भेज दिया गया। वीएआर के अनुसार उनके हाथ से यामल के पेट में चोट लगने के कारण उन्हें सीधे रेड कार्ड दिया गया। एस्पेनयोल पर मिली इस जीत के बाद बार्सिलोना के 85 अंक हो गए हैं , जो उसके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से सात ज़्यादा हैं, और इस सीजन में खेलने के लिए उसके पास सिर्फ़ छह अंक बचे हैं।

# शैफाली इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम में वापसी

## क्रांति, सयाली, श्रीचारणी, शुचि उपाध्याय पहली बार भारत की महिला टी 20 टीम में



■ स्नेह व हरलीन भी लंबे समय भारत की टी 20 टीम में लौटी

**नई दिल्ली,** 16 मई (देशबन्धु)। हरियाणा की विस्फोटक ओपनर शैफाली वर्मा की बीते बरस आईसीसी महिला टी 20 क्रिकेट विश्व कप यानी करीब सात महीने बाद इंग्लैंड में उसके खिलाफ पांच टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज खेलने वाली 15 सदस्यीय भारतीय टीम में वापसी जरूर हुई लेकिन वह उसके खिलाफ तीन वन डे मैचों की सीरीज के लिए टीम में अभी भी जगह नहीं बना पाई है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी 20 और तीन वन डे मैचों की सीरीज के लिए हरमनप्रीत कौर भारत की कप्तान और स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी। साथ ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा ने 2023 के महिला टी 20 विश्व कप के बाद पहली बार भारत की टी 20 क्रिकेट टीम में वापस जगह बनाई है। शैफाली वर्मा को बीते बरस न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वन डे सीरीज में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया। शैफाली ने इसके बाद सीनियर महिला वन डे ट्राफी में सवा पांच सौ से ज्यादा और वन डे चैलेजर ट्रॉफी में हरियाणा की कप्तानी करते हुए 400 से ज्यादा रन बनाए। साथ ही शैफाली ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए महिला प्रीमियर लीग में नौ पारियोंमें 304 रन बनाए।स्नेह राणा ने चोटिल श्रेयंका पाटील की जगह महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी की टीम में जगह बना पांच मचों में छह विकेट चटका यूपी वारियर्ज के खिलाफ दीप्ति शर्मा के एक ओवर में 26 रन लेकर आरसीबी को करीब करीब प्ले ऑफ में पहुंचा दिया था।

### इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी 20 महिला वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर(कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्ज, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर),हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन.श्रीचारणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड, सयाली सतघरे।

### इंग्लैंड के खिलाफ तीन वन डे महिला अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर(कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन दयोल, जेमिमा रॉड्रिग्ज, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर),तेजल हसबनीज दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन.श्रीचारणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड, सयाली सतघरे।

## आईपीएल के लीग मुकाबलों के लिए मुस्तफिजुर को मिली अनुमति

**नई दिल्ली,** 16 मई (एजेंसियां)। मुस्तफिजुर रहमान को 18 मई से 24 मई तक के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के दल के साथ जुड़ने की अनुमति मिल गई है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार दोपहर को अपने एक बयान के जरिए इसकी जानकारी दी। बीसीबी से एनओसी मिलने के चलते मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति में मुस्तफिजुर डीसी के शेष तीन मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। हालांकि अगर डीसी प्लेऑफ में प्रवेश करती है तो मुस्तफिजुर उपलब्ध नहीं रह पाएंगे। बीसीबी ने बताया है कि भारत के लिए रवाना होने से पहले मुस्तफिजुर शनिवार को शारजाह में यूएई के खिलाफ पहले टी20 के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। हालांकि 18 मई को भारत पहुंचने के बाद वह उसी शाम डीसी के मुकाबले के लिए उपलब्ध रह पाएंगे या नहीं यह देखना होगा। मुस्तफिजुर को इसी सप्ताह डीसी ने अपने अस्थाई रिप्लेसमेंट के तौर पर जोड़ा था लेकिन उनकी उपलब्धता पर संशय बना हुआ था क्योंकि बीसीबी ने कहा था कि मुस्तफिजुर ने बोर्ड से एनओसी के लिए संपर्क नहीं किया है। शुक्रवार सुबह को स्टार्क ने इस बात की पुष्टि की कि वह आईपीएल 2025 के शेष सीजन के लिए भारत नहीं लौटेंगे।

राष्ट्रपति ने प्रदान किए सम्मान

# रामभद्राचार्य ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित

### अस्वस्थ होने के कारण समारोह में शामिल नहीं हो सके गुलजार



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में संस्कृत के विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीमती मुर्मु ने इस अवसर पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी के साथ साथ ज्ञानपीठ पुरस्कार वाले गीतकार गुलजार को भी बधाई दी जो अस्वस्थ होने के कारण पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की जिससे कि वह कला, साहित्य, समाज और देश के लिए अपना योगदान देते रहें।

राष्ट्रपति ने कहा कि साहित्य समाज को जोड़ता और जागृत करता है। उन्होंने कहा कि 19वीं सदी के सामाजिक जागरण से लेकर 20वीं सदी के स्वतंत्रता संग्राम तक, कवियों और लेखकों ने लोगों को जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम' गीत लगभग 150 वर्षों से भारतीयों को जागृत कर रहा है और हमेशा करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि, व्यास और कालिदास से लेकर रवींद्रनाथ टैगोर जैसे शाश्वत कवियों की रचनाओं में हम जीवंत भारत की धड़कन महसूस करते हैं जो भारतीयता की आवाज है। श्रीमती मुर्मु ने 1965 से विभिन्न भारतीय भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करने के लिए भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करने की प्रक्रिया में भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों का चयन किया है और इस पुरस्कार की गरिमा को बनाए रखा है। राष्ट्रपति ने कहा कि आशापूर्णा देवी, अमृता प्रीतम, महादेवी वर्मा, कुर्रतुल-ऐन-हैदर, महाश्वेता देवी, इंदिरा गोस्वामी, कृष्णा सोबती और प्रतिभा रे जैसी ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता महिला लेखकों ने भारतीय परंपरा और समाज को विशेष संवेदनशीलता के साथ देखा और अनुभव किया है और हमारे साहित्य को समृद्ध किया है।

### रामभद्राचार्य ने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया

राष्ट्रपति ने श्री रामभद्राचार्य के बारे में कहा कि उन्होंने उत्कृष्टता का एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने उनके बहुमुखी योगदान की प्रशंसा की और कहा कि शारीरिक रूप से विकलांग होने के बावजूद उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से साहित्य और समाज की असाधारण सेवा की है। उन्होंने कहा कि श्री रामभद्राचार्य ने साहित्य और समाज सेवा दोनों ही क्षेत्रों में व्यापक योगदान दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके गौरवशाली जीवन से प्रेरणा लेकर आने वाली पीढ़ियां साहित्य सृजन, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण के सही मार्ग पर आगे बढ़ती रहेंगी।

राज्यपाल राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के12वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए, कहा-

# समाज के लिए उपयोगी और सक्षम व्यक्ति बनाना ही शिक्षा



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षा केवल ज्ञान की डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है। समाज के लिए उपयोगी और सक्षम व्यक्ति बनाना भी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन की अंधी भाग-दौड़ में युवा जीवन के आनंद से वंचित हो रहे हैं। दिनचर्या यांत्रिक होती जा रही है। जरूरी है कि युवा प्रकृति के साथ सह-जीवन की दिनचर्या को अपनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा करते हुए कहा है कि इस प्रतिष्ठित संस्थान में अर्जित ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा में करें। परिवार, समाज के प्रति संवेदनशील रहे। माता-पिता, गुरुजन, समुदाय और समाज के लिए कृतज्ञता का भाव रखें। वंचितों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहें। राज्यपाल श्री पटेल राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के पी.एच.डी. उपाधि और स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं को मंच से सम्मानित किया गया। श्री पटेल ने कहा कि दीक्षांत का दिन जीवन का वह महत्वपूर्ण मोड़ है, जहां विद्यार्थियों को कैरियर और जीवन के अगले चरण के बारे में निर्णय लेना है। प्राप्त उपाधि आपको असीमित अवसरों और संभावनाओं की दुनिया में प्रवेश कराएगी। उनके सामने देश-विदेश में उच्चतर अध्ययन, रोजगार और उद्यम स्थापना के विकल्प उपलब्ध होंगे, लेकिन भावी जीवन में रोजगार तलाशने वाले की बजाय रोजगार देने वाले की तरह सोच कर आगे बढ़ने का प्रयास करे। तकनीकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भी दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजीव त्रिपाठी ने दीक्षांत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को दीक्षांत शपथ दिलाई। कुलसचिव प्रो. मोहन सेन ने आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा सचिव रघुराज राजेन्द्रन, विश्वविद्यालय की कार्य एवं विद्त परिषद के सदस्य, शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं उनके पालक उपस्थित थे।

# 4 लाख लूटने के बाद शिक्षक को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया



**दमोह देशबन्धु।** हटा थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात एक शिक्षक की 4 लाख रुपये लूटने के बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान ग्राम सुनवाहा के रहने वाले 47 वर्षीय राजेश कुमार त्रिपाठी के रूप में हुई है, जो प्राथमिक शाला ग्राम रसंदो में शिक्षक थे।

श्री त्रिपाठी एक शादी समारोह से लौटते समय पल्सर मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। रास्ते में हारट और बरोदा के बीच नहर के पास हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। रात 9:54 बजे मृतक ने अपने भाई को कॉल कर बताया, 4 लोगों ने घेर लिया है, फिर कॉल कट गया। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो राजेश गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में मिले। परिजनों ने तत्काल उन्हें हटा स्वास्थ्य केंद्र और उसके बाद जिला अस्पताल दमोह ले गए। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. मधुर चौधरी ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से पेट्रोल की खाली बोतल बरामद हुई है। हालांकि मोटरसाइकिल को नुकसान नहीं पहुंचाया गया, जिससे साफ है कि हमलावरों का मकसद सिर्फ नकदी और हत्या करना था। मृतक के पास रखे 4 लाख रुपये लूट लिए गए, जो एक थैले में थे। परिजन मुकेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक को पहले बेरहमी से पीटा गया और उसके बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। हटा पुलिस और कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और हत्या व लूट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना ने शिक्षा जगत और ग्रामीण अंचल में गहरा आक्रोश फैला दिया है। बागेश्वर धाम के शिष्य मंडल सहित लोग जिला अस्पताल पहुंचे है। पुलिस ने शव को फिलहाल को जिला अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। इस घटना के सभी पहलुओं से बारिकी से जांच की जा रही है।

### अंतिम कॉल में कहा था, 4 लोग घेर लिए हैं

# विवादित बयान पर धीरेंद्र शास्त्री को न्यायालय ने किया तलब



**प्रयागराज, देशबन्धु।** कथावाचक और बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का महाकुंभ 2025 के दौरान दिया एक बयान विवादों में आ गया था। इस बयान को लेकर शहडोल न्यायालय ने पं. धीरेन्द्र शास्त्री को नोटिस जारी कर तलब किया है। उनसे 20 मई को न्यायालय में पेश होने के लिए कहा गया है।

शहडोल अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप कुमार तिवारी ने 4 फरवरी को धीरेंद्र शास्त्री के इस बयान के खिलाफ सोहागपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। थाने में कार्रवाई न होने पर मामला उच्च अधिकारियों और न्यायालय तक पहुंचा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी किया है।

दरअसल, श्री शास्त्री ने कहा था कि महाकुंभ में हर व्यक्ति को आना चाहिए, जो नहीं आएगा वह देशद्रोही कहलाएगा। जिस पर अधिवक्ता संदीप तिवारी ने कड़ा एतराज जताया और सवाल किया कि क्या किसी धार्मिक आयोजन में शामिल न होने वाले को देशद्रोही कहा जा सकता है? श्री तिवारी ने सवाल पूछा कि सोशल मीडिया पर टिप्पणियों के लिए एफआईआर हो सकती है, तो सार्वजनिक मंच से भड़काऊ बयान देने पर क्यों नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीमा पर तैनात सैनिक, अस्पतालों में सेवा दे रहे डॉक्टर, कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिसकर्मी, न्यायपालिका के सदस्य, पत्रकार या कोई भी नागरिक जो अपने कर्तव्यों के कारण महाकुंभ में उपस्थित नहीं हो पाता, उसे देशद्रोही कहना उचित नहीं है। श्री तिवारी ने कहा कि ऐसा वक्तव्य न केवल संवेदनशीलता की कमी दर्शाता है, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाला भी है।

श्री तिवारी ने कहा कि देशभक्ति का आंकलन किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने या न भाग लेने से नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि असली देशभक्ति तो अपने दायित्वों, कर्तव्यों और संविधान के प्रति निष्ठा से जुड़ी होती है। इसलिए किसी भी नागरिक को महाकुंभ जैसे आयोजन में अनुपस्थित रहने के कारण देशद्रोही कहना अनुचित और गैर जिम्मेदाराना है।

मुख्यमंत्री ने इंदौर में टेक्सटाइल एक्सपो को संबोधित, कहा-

# मध्यप्रदेश, गुजरात की तर्ज पर कर रहा है उद्योगों का तेजी से विकास



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में होने, श्रमिकों, सहयोगी नागरिकों, सड़क और अन्य आवागमन सुविधाओं, प्रशासनिक प्रक्रियाओं की सरलता के कारण औद्योगिक निवेश के लिए सर्वाधिक अनुकूल राज्य है। गुजरात हमारे लिए आदर्श है। मध्यप्रदेश भी गुजरात की तर्ज पर उद्योगों के विकास का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में बेंगलुरू में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) द्वारा मध्यप्रदेश में रायसेन जिले में मेट्रो और रेल कोच निर्माण इकाई की स्थापना के लिए की गई पहल पर त्वरित कार्रवाई कर कुल 60.063 हेक्टेयर भूमि आवंटन का निर्णय बिना विलंब के लिया गया। यह प्रदेश की उद्योग संवर्धन और निवेश वृद्धि की पारदर्शी नीति का नवीनतम उदाहरण है। मध्यप्रदेश उद्योगों के अनुकूल नीतियों को लागू कर उस स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में शामिल है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रयासरत हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान को मुँहतोड़ जवाब देकर सशक्त नेतृत्व की बेहतरीन मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की शाम इंदौर में टेक्सटाइल एक्सपो को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की नीतियों से देश का समूचा परिदृश्य बदल गया है। उद्योगों के विकास के साथ धन के अर्जन के साथ मानवीय पक्ष को महत्व देने की भारतीय संस्कृति रही है। कोरोना के कठिन समय में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अनेक देशों में लोगों का जीवन बचाने का कार्य किया। यह भारत के इतिहास का गौरवशाली पृष्ठ है। आपरेशन सिंदूर के क्रियान्वयन में प्रधानमंत्री श्री मोदी का नेतृत्व और भारत की सेनाओं का साहस हम सभी के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। एक वस्त्र की बुनाई के लिए जिस तरह एक-एक धागे का अपना महत्व है, उसी तरह संकट के समय में भारत के सभी नागरिक भेदभाव से रहित होकर एकजुटता का परिचय देने में आगे रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कारखाने हमारे लिए मंदिर की तरह हैं। देवालय और मंदिर जिस तरह श्रद्धा का केंद्र होते हैं, उसी तरह कारखाने बड़े वर्ग को लाभान्वित करने के पवित्र भाव के साथ संचालित होते हैं। शासन द्वारा लागू अनुकूल नीतियों और सुशासन का लाभ उद्योगों को दिलाने के लिये मध्यप्रदेश में विशेष अभियान चल रहा है। मध्यप्रदेश में जो उद्योगपति आते हैं वे यहीं के होकर रह जाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत वर्ष मध्यप्रदेश के सभी संभागों में रीजनल इन्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गईं। इसके बाद इस वर्ष फरवरी में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ। इन प्रयासों से 30 लाख हजार करोड़ से अधिक का निवेश लाने में सफलता मिली। अब विभिन्न सेक्टर को ध्यान में रखकर उद्योग संवर्धन कार्यक्रम हो रहे हैं। यह क्रम निरंतर चलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता, स्वाद और सुशासन की नगरी है। प्रदेश में टेक्सटाइल क्षेत्र में नया इतिहास लिखा जाएगा। इंदौर इसका प्रमुख केंद्र होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि इंदौर, उज्जैन ,देवास, मक्सी आदि क्षेत्रों को मिलाकर इंदौर मेट्रोपोलिटिन एरिया विकसित किया जाएगा। अधोसंरचना विकास से नागरिक सुविधाएं बढ़ेंगी। प्रदेश के 2 बड़े महानगरीय क्षेत्रों में से एक, इंदौर क्षेत्र के समग्र विकास का संकल्प राज्य सरकार साकार करेगी।

राज्यों के मध्य विवाद हो रहे समाप्त

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पानी, भूमि और फसल के मुद्दों पर दक्षिण भारत से लेकर अन्य राज्यों तक विवाद रहे हैं। लेकिन, अब प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में इनका समाधान हो रहा है। मध्यप्रदेश ने वर्षों से लंबित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल (पीकेसी) परियोजना से जुड़ी असहमतियों को राजस्थान के साथ संवाद कर समाप्त किया है। राष्ट्र के विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी राज्यों के परस्पर विवादों को समाप्त करने का ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं।

प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में निवेश के लिए एक समर्थ, अनुकूल और प्रतिस्पर्धी औद्योगिक वातावरण विकसित किया गया है। राज्य न केवल पॉवर सरप्लस है, बल्कि कुल विद्युत आपूर्ति में 30 प्रतिशत हरित ऊर्जा का योगदान है। टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए विशेष अवस्थापना सुविधाएं विकसित की गई हैं,

मैटेक्सिल के पूर्व चेयरमैन संजीव सरन ने आभार प्रकट किया। टेक्सटाइल एक्सपो में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी सहित विधायक एवं जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में उद्योगपति शामिल रहे।

सेना के अपमान पर विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

# मंत्री देवड़ा व शाह के मामलों में भाजपा मौन



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के बाद उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की ओर से भारतीय सेना को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को सवाल किया कि दोनों मंत्रियों के मामले में भारतीय जनता पार्टी मौन है और क्या भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सेना का अपमान करने का तय कर लिया है।

पटवारी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री विजय शाह, दोनों के मामलों में भाजपा मौन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जब इस बारे में पूछा गया तो वे कांग्रेस को कोसने लगे, पर भारत माता का अपमान करने वाले दोनों मंत्रियों को वे बचा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया कि क्या भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सेना का अपमान करने का निर्णय कर लिया है। इनके इतने वरिष्ठ विधायक सेना का अपमान कर रहे हैं पर भाजपा मौन है। अदालत संज्ञान ले रही है, पर भाजपा ने मौन धारण कर रखा है। अब भी अगर इन दोनों मंत्रियों के इस्तीफे नहीं लिए गए तो तय हो जाएगा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सेना का अपमान करने का फैसला कर रखा है। पटवारी ने घोषणा की कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में इसका विरोध करेगी और इन दोनों मंत्रियों के इस्तीफे की मांग करेगी। साथ ही उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि कल समूचे प्रदेश में दोनों मंत्रियों के पुतले फूंके जाएं।

# शहरी क्षेत्रों में तालाबों को प्रदूषण मुक्त करने के लिये 74 करोड़ रूपये का अनुदान

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली झीलों एवं तालाबों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा संरक्षण एवं संवर्धन योजना चलाई जा रही है। योजना में अब तक 41 नगरीय निकायों में 48 तालाबों की योजनाओं के लिये 74 करोड़ रूपये की राशि अनुदान के रूप में जारी की जा चुकी है।

योजना में नगरीय क्षेत्रों में झीलों एवं तालाबों की सीमा में होने वाले कटाव को रोकने संबंधी कार्य, झीलों एवं तालाबों के आस-पास बाउंड्रीवॉल बनाने, सघन पौधरोपण, लैम्प और फव्वारों की स्थापना के लिये नगरीय निकायों को राज्य शासन की ओर से अनुदान राशि दी जा रही है। नगरीय निकाय इस अनुदान राशि का उपयोग अपशिष्ट जल को रोकने, ट्रीटमेंट व्यवस्था, झील एवं तालाबों के किनारे सीवर पाईप व्यवस्था के लिये भी उपयोग कर रहे हैं। योजना में नगरीय निकायों को दी जाने वाली अनुदान राशि का प्रतिशत भी निर्धारित किया गया है। नगर निगम को कुल लागत राशि का 60 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद को 75 प्रतिशत और नगर परिषद को 90 प्रतिशत राज्य शासन की ओर से अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। अनुदान राशि के अलावा शेष राशि की व्यवस्था संबंधित नगरीय निकायों को स्वयं अपनी इनकम जनरेट करने के निर्देश हैं।

# भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी की जमानत याचिका फिर खारिज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूनाइटेड किंगडम की एक अदालत ने 6,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी की जमानत याचिका को फिर से खारिज कर दिया है। सीबीआई ने कहा कि नीरव दीपक मोदी द्वारा दायर की गई नई जमानत याचिका को आज लंदन के किंग्स बेंच डिवीजन के उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। जमानत की दलीलों का क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के अधिवक्ता ने कड़ा विरोध किया, जिन्हें जांच और कानून अधिकारियों से युक्त एक मजबूत सीबीआई टीम ने सहायता प्रदान की, जो इस उद्देश्य के लिए लंदन गए थे।

सीबीआई ने दलीलों का सफलतापूर्वक बचाव किया, जिसके परिणामस्वरूप जमानत खारिज कर दी गई। नीरव दीपक मोदी 19 मार्च 2019 से यूके की जेल में है। यह याद किया जा सकता है कि नीरव मोदी एक भगोड़ा आर्थिक अपराधी है, जो पंजाब नेशनल बैंक से 6498.20 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के लिए बैंक धोखाधड़ी मामले में भारत में मुकदमे के लिए सीबीआई द्वारा वांछित है। भारत सरकार के पक्ष में यूके के उच्च न्यायालय द्वारा उसके प्रत्यर्पण को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। यूके में हिरासत में लिए जाने के बाद से यह उसकी 10वीं जमानत याचिका है, जिसका बचाव सीबीआई ने क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस, लंदन के माध्यम से सफलतापूर्वक किया था। 2002 में यूके उच्च न्यायालय ने 2022 में नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दी, जहाँ उसे देश के सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक से संबंधित आरोपों का सामना करना है। 55 वर्षीय मोदी करोड़ों रुपये के घोटाले के प्रकाश में आने से कुछ ही हफ्ते पहले जनवरी 2018 में भारत से भाग गए थे। वह मार्च 2019 से ब्रिटेन की जेल में बंद हैं, सभी आरोपों से इनकार करते हुए प्रत्यर्पण की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन पर पीएनबी द्वारा जारी किए गए फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग से जुड़े 13,000 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले के हिस्से के रूप में 6,498.20 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। संबंधित घटनाक्रम में, मोदी के चाचा और सह-आरोपी मेहुल चोकसी- जो 2018 की शुरुआत में भारत से भाग गए थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सेना और पुलिस ने 6....** ऊपरी इलाके में था और कठिन इलाके को देखते हुए यह बहुत चुनौतीपूर्ण था, जबकि त्राल में यह एक आवासीय इलाके में था और सभी नागरिकों को सुरक्षित निकालने के बाद आपरेशन चलाया गया।

वे कहते थे कि हम आतंकवादियों को घाटी के किसी भी हिस्से में सुरक्षित पनाहगाह नहीं बनाने देंगे। इस संवाददाता सम्मेलन में शामिल सीआरपीएफ के महानिरीक्षक मितेश ने भी इस बात पर जोर दिया कि स्थानीय लोगों के समर्थन और सहयोग के बिना ये आपरेशन संभव नहीं होंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपना सहयोग जारी रखें और समय पर सूचना देकर सुरक्षा बलों की मदद करें। उन्होंने कहा कि ऐसे आतंकवाद विरोधी अभियानों की सफलता के लिए जनता का समर्थन बहुत जरूरी है। हर सूचना मायने रखती है। हमारा उद्देश्य न केवल आतंकवाद को खत्म करना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र में हमेशा के लिए शांति बनी रहे। हालांकि जम्मू कश्मीर के सभी निजी और सरकारी स्कूलों को 14 मई से ही खोलने का आदेश पारित किया जा चुका है कुछ उन स्कूलों को छोड़ कर जो पूरी तरह से इंटरनेशनल बार्डर और एलओसी से सटे हुए हैं। बचे हुए स्कूलों को भी 19 मई से खोलने की तैयारी है पर यह सब पाकिस्तान के रूख पर निर्भर करेगा जो अभी भी अलाप रहा है कि भारत के साथ सीजफायर को आगे बढ़ाने या न बढ़ाने का फैसला 18 मई को लिया जाना है। 10 मई को दोनों पक्षों में हुए सीजफायर की घोषणा के बाद हालांकि सीमावर्ती लोगों ने अपने घरों को लौटना आरंभ किया है पर अभी भी दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां के निवासी वापस लौटने को राजी नहीं हैं। उनका डर भी जायज है। वे पाकिस्तान पर भरोसा नहीं करते हैं तो दूसरा ऐसे गांवों में कदम कदम पर मोर्टार और तोप के अनफूटे गोले बिखरे हुए हैं।

**सेना ने साहस और पराक्रम....** जाति और हर वर्ग के लोग इस यात्रा में शामिल हुए और उन्होंने अपने राष्ट्रप्रेम की झलक बिखरते हुए सेना के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 3 सौवीं जयंती मनाई जा रही है। यह संयोग है कि 20 मई को तिथि के अनुसार उनकी जयंती है और विवाह की वर्षगांठ भी है। इसको देखते हुए 20 मई को इंदौर के राजवाड़ा में कैबिनेट की बैठक आयोजित की जा रही है। इसी दिन से 10 दिनी उत्सव शुरू किया जा रहा है। इसका समापन भोपाल में 31 मई को होगा।

यात्रा में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी तथा सुश्री कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, विधायकगण रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी गौड़, महेंद्र हार्डिया, मनोज पटेल, सुमित मिश्रा तथा श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी साथ थे। डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा के प्रारंभ में बड़ा गणपति पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यात्रा के समापन के बाद अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

**मीडिया की आवाज दबाना....** उठाई, और जिसने भाजपा से समझौता नहीं किया, उसको जेल जाना पड़ेगा। सरकार द्वारा स्वतंत्र मीडिया पर दबाव बनाकर, अपने हक में इस्तेमाल करना लोकतंत्र के लिए घातक है। श्री गांधी ने कहा गुजरात समाचार को खामोश करने की कोशिश सिर्फ एक अख़बार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की आवाज़ दबाने की एक और साज़िश है। जब सत्ता को आईना दिखाने वाले अख़बारों पर ताले लगाए जाते हैं, तब समझ लीजिए लोकतंत्र खतरे में है। श्री बाहुबली शाह की गिरफ्तारी डर की उसी राजनीति का हिस्सा है, जो अब मोदी सरकार की पहचान बन चुकी है देश न डंडे से चलेगा, न डर से – भारत चलेगा सच और संविधान से।

**दुनिया में पाक को बेनकाब....** पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किये जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है। भारत पाकिस्तान की इस कोशिश को बेनकाब करना चाहता है।

इसलिए कूटनीतिक तौर पर भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला लिया है। अभी प्रतिनिधिमंडल में जाने वाले सांसदों की सही संख्या तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि 30 से अधिक सांसद प्रतिनिधिमंडल में जा सकते हैं। ये सांसद 10 दिन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित देशों के विभिन्न ब्लॉकों का दौरा करेंगे।

विदेश मंत्रालय (एमईए) सांसदों को उनके राजनयिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। सूत्र बताते हैं कि प्रतिनिधिमंडल में भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी (एसपी), जेडीयू, बीजेडी, सीपीआई (एम) और कुछ अन्य सांसद शामिल होंगे। एक दल के नेता ने बताया कि उन्हें 22-23 मई तक 10 दिनों की अवधि के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है और विदेश मंत्रालय यात्रा कार्यक्रम सहित आवश्यक विवरण उपलब्ध कराने के लिए उनसे संपर्क करेगा।

**ट्रम्प के टैरिफ युद्ध से....** दबाव और अनिश्चितता से अल्पकालिक जोखिम नीतिगत चुनौतियों को बढ़ा रहे हैं। इनसे निपटने के लिए एक व्यापक 'टूलकिट' की आवश्यकता है जो मौद्रिक नीति, राजकोषीय उपायों, आपूर्ति संबंधित सुधारों और औद्योगिक रणनीतियों को कीमतों को स्थिर करने में मदद करती है।

रिपोर्ट के अनुसार, बिगड़ती आर्थिक स्थिति सतत विकास के लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को और धीमा कर रही है, जिनमें से कई पहले से ही पटरी से उतर चुके हैं। धीमी वृद्धि और जीवन-यापन का खर्च बढ़ने के दबाव से असमानता बढ़ने का जोखिम है, जो कम आय वाले परिवारों और कमज़ोर आबादी पर असमान रूप से बोझ डाल रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक निवेश वृद्धि में लगातार कमजोरी दीर्घकालिक आर्थिक संभावनाओं को भी कम करती है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।